# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–234 । सागर, शुक्रवार, 13 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



खाद न मिलने से किसान परेशान, लग रही कतार पृष्ठ 2

• विधानसभा चुनावों के बीच 'एक देश एक चुनाव' का शोर
• हमास-इजरायल युद्ध और भारतीय विदेश नीति की बारीकियां पृष्ठ 4

• बगैर अनुमति जुलूस निकालने पर तत्काल करें एफ.आई.आर. : कलेक्टर पृष्ठ 6

यूपी एमपी बॉर्डर पर चैकिंग के दौरान पुलिस ने 4.67 क्विंटल चांदी पकड़ी पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### वाईएस शर्मिला की पार्टी तेलंगाना की सभी 119 सीटों पर चुनाव लड़ेगी

**हैदराबाद, एजेंसी।** वाईएसआर तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) अगले महीने होने वाले चुनाव में तेलंगाना की सभी 119 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी प्रमुख वाईएस शर्मिला ने गुरुवार को यह घोषणा की है। पार्टी की कार्यकारी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए वाईएस शर्मिला कहा कि वह पलेरू निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी नेताओं की ओर से एक और विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की मांग की गई थी। शर्मिला ने दावा किया कि पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से उनके पति अनिल कुमार और मां वाई.एस विजयम्मा को चुनावी मैदान में उतारने की भी मांग है। यह जरूरी है कि वे भी चुनाव लड़ेंगे। शर्मिला ने टिकट के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन जमा करने को कहा है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी की बहन शर्मिला ने वाईएसआरटीपी को कांग्रेस में विलय करने की बातचीत में कोई प्रगति नहीं होने के बाद सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया।

### शिमला के जुन्गा में फ्लाइंग फेस्टिवल शुरू

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी से 30 किलामीटर दूर जुन्गा में शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह फेस्टिवल चार दिन तक चलेगा, जिसमें देश-विदेश के कई पैराग्लाइडर हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन में भूटान, नेपाल, म्यांमार और भारत के पहले का पैराग्लाइडर हिस्सा ले रहे हैं। फेस्टिवल के लिए 60 से अधिक पायलटों ने पंजीकरण करवाया है। इनमें नेपाल के पैराग्लाइडर भी शामिल हैं।

### बिलकिस बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गुजरात सरकार द्वारा बिलकिस बानो मामले में दोषियों की जल्द रिहाई के खिलाफ दायर याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति बीवी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने 2002 में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या के मामले में दोषियों को रिहा करने के छूट आदेश की वैधता के सवाल पर दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने केंद्र और राज्य सरकार को 16 अक्टूबर तक दोषियों की रिहाई से संबंधित ट्रांसलेशन के साथ रिकॉर्ड दाखिल करने का आदेश दिया।

### सामुदायिक दुर्गा पूजा के उद्घाटन में शामिल नहीं होंगी ममता बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी।** अपनी वार्षिक परंपरा को तोड़ते हुए, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री मनता बनर्जी लंबे समय तक अंगों की चोटों के कारण इस साल सामुदायिक दुर्गा पूजा का शारीरिक रूप से उद्घाटन नहीं करेंगी और इसके बजाय इसे अपने आवास से वस्तुत: करेंगी। चोटों के कारण मुख्यमंत्री पिछले महीने से दक्षिण कोलकाता के कालीघाट स्थित अपने आवास से काम कर रही हैं। एक कैबिनेट सदस्य ने कहा, 'उन्होंने इस वर्ष लगभग 800 सामुदायिक पूजाओं का वस्तुत: उद्घाटन करने का निर्णय लिया है। इसकी शुरुआत गुरुवार दोपहर को कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में श्रीभूमि सामुदायिक दुर्गा पूजा के उद्घाटन के साथ होगी, जहां मुख्य संरक्षक राज्य अग्निशमन सेवा मंत्री सुजीत बसु हैं।

गर्भपात की जिद पर प्रधान न्यायाधीश की सख्त टिप्पणी

# हम बच्चे को नहीं मार सकते, 26 हफ्ते तक क्या कर रही थीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 26 सप्ताह की गर्भवती महिला पहले ही दो बच्चों की मां बन चुकी है। अब महिला तीसरी बार बच्चे को जन्म देने वाली है, लेकिन वह बच्चा गिराना चाहती है, लेकिन मेडिकल तरीकों का इस्तेमाल कर गर्भपात की अनुमति लेने पहुंची महिला को सुप्रीम कोर्ट से भी निराशा हाथ लगी है। गर्भ गिराने की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम किसी बच्चे को नहीं मार सकते। कोर्ट के निर्देश पर एम्स के मेडिकल बोर्ड ने कहा था कि बच्चे की जान बचाई जा सकती है। अदालत मामले में शुक्रवार सुबह 10.30 बजे भी सुनवाई करेगी।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने 10 अक्तूबर को केंद्र सरकार की



अपील पर गर्भपात पर अस्थायी रोक लगाई थी। केंद्र की याचिका पर सुनवाई करते हुए गुरुवार, 12 अक्तूबर को शीर्ष अदालत ने कहा, हम एक बच्चे को नहीं मार सकते। कोर्ट ने ये भी पूछा कि गर्भवती महिला शादीशुदा हैं, दो बच्चों की मां हैं। ऐसे में वे 26 हफ्तों तक क्या कर रही थीं?

### कुछ और हफ्ते तक पालने की संभावना तलाशें

अदालत ने स्पष्ट किया कि शीर्ष अदालत को अजन्मे बच्चे, एक जीवित और व्यवहार्य भ्रूण के अधिकारों को उसकी मां के फैसले लेने के अधिकार के साथ संतुलित करना है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार और महिला के वकील से बात कर गर्भ में पल रहे शिशु को कुछ और हफ्तों तक पालने की संभावना पर विचार करने को कहा।

### मानसिक अवसाद से पीड़ित है महिला

मामला सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष तब आया जब बुधवार को दो न्यायाधीशों की पीठ ने खंडित फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने 9 अक्टूबर के आदेश में कहा था कि महिला अवसाद से पीड़ित है। कोर्ट ने 'भावनात्मक, आर्थिक और मानसिक रूप से' तीसरे बच्चे को पालने की स्थिति में नहीं होने के कारण महिला को गर्भ गिराने के लिए चिकित्सीय तरीके अपनाने की अनुमति दी थी।

कांग्रेस ने की 'पढ़ो पढ़ाओ' योजना की घोषणा, प्रियंका गांधी ने कहा-

# मप्र में विद्यार्थियों को हर महीने पैसे देंगे



8वीं तक 5 सौ, 10वीं तक 1 हजार, 12वीं तक के बच्चों को 15 सौ रुपए दिए जाएंगे

**मंडला, देशबन्धु।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज कहा कि मध्यप्रदेश में पार्टी की सरकार बनने पर 'पढ़ो पढ़ाओ' योजना लागू की जाएगी, जिसके तहत स्कूली विद्यार्थियों को पांच सौ रुपए से लेकर पंद्रह सौ रुपए प्रतिमाह तक दिए जाएंगे।

> कांग्रेस पार्टी जो भी वादे कर रही हैं, उन्हें सरकार बनने पर पूरा किया जाएगा। कांग्रेस अन्य दलों के नेताओं की तरह 'जुमले' नहीं दे रही है: प्रियंका गांधी

श्रीमती वाड्रा ने महाकौशल अंचल के आदिवासी बाहुल्य मंडला में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र और राज्य सरकार आदिवासी विरोधी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आदिवासियों पर अत्याचार तेजी से बढ़े हैं। कांग्रेस ने आदिवासियों को बहुत कुछ दिया। जल, जंगल, जमीन से लेकर उनकी संस्कृति की रक्षा के लिए कई कदम उठाए। कांग्रेस शासन के दौरान आदिवासियों को पट्टे भी दिए गए। कांग्रेस ने जो कुछ वह सब भाजपा ने छीन लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने के बाद आदिवासियों को उनके अधिकार और सम्मान को वापस दिलाएगी।

### 'इंदिरा माता' के नाम से जानते थे लोग

कांग्रेस महासचिव ने आदिवासी बहुल इस अंचल के लोगों को संबोधन के दौरान अपनी दादी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि इस अंचल के लोग श्रीमती गांधी को 'इंदिरा माता' के नाम से जानते थे। ऐसा इसलिए क्योंकि वे सभी श्रीमती गांधी पर भरोसा करते थे और उन्होंने उनके भरोसे के अनुरूप इस अंचल के लोगों के लिए काम भी किए। उन्होंने आदिवासियों को सबसे बड़ा विवेकशील बताते हुए कहा कि वे आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान के दिन उनकी बातों को ध्यान में रखकर वोट दें। उन्होंने कहा कि वे और कांग्रेस पार्टी जो भी वादे कर रही हैं, उन्हें सरकार बनने पर पूरा किया जाएगा। कांग्रेस अन्य दलों के नेताओं की तरह 'जुमले' नहीं दे रही है।

### धान व तेंदूपत्ता पर बढ़ा हुआ बोनस देंगे

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ राज्य की तरह मध्य प्रदेश में भी धान और तेंदूपत्ता पर बढ़ा हुआ बोनस दिया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस की अन्य घोषणाओं का भी जिक्र किया और कहा कि पार्टी सोच समझकर ही घोषणाएं कर रही है। राज्य में सभी 230 सीटों के लिए विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम जारी हो गया है और 17 नवंबर को सभी सीटों पर एकसाथ मतदान होगा। नतीजे तीन दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। राज्य में अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित सीटों की संख्या 47 हैं। इन सीटों पर भी सभी मुख्य दलों की निगाहें हैं। मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंडला जिले की निवास विधानसभा सीट से केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को प्रत्याशी घोषित किया है।

## कमलनाथ बोले-यह प्रदेश के भविष्य का चुनाव



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे पता है कि आप कांग्रेस के सच्चे और मजबूत साथी हैं। अपनी जवानी के दिनों से लेकर अभी तक मेरा मंडला से थोड़ा ज्यादा गहरा लगाव रहा है। मुझे आपके बीच में आकर जितनी खुशी होती है, उतना दुख भी होता है कि हमारे मंडला की, हमारे प्रदेश की क्या हालत इस सरकार ने बना रखी है। कमलनाथ ने कहा कि आज महासचिव प्रियंका गांधी एक बार फिर प्रदेश के दौरे पर आई हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि शिवराज सरकार में प्रदेश का बुरा हाल है, बेरोजगारी चरम पर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार आज युवाओं की सुध लेने को तैयार नहीं है। कमलनाथ ने कहा कि यह केवल एक उम्मीदवार या एक व्यक्ति का चुनाव नहीं है, ना ही यह केवल एक पार्टी का चुनाव है। यह मध्य प्रदेश और विशेष रूप से मंडला के भविष्य का चुनाव है। अगर प्रदेश का भविष्य सुरक्षित रहेगा, तो मंडला का भी भविष्य सुरक्षित रहेगा और मंडला का भविष्य सुरक्षित रहेगा तो यहां के युवाओं का भी भविष्य सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश भ्रष्टाचार में नंबर वन है। भ्रष्टाचार का हाल यह है कि प्रदेश का हर नागरिक या तो भ्रष्टाचार का गवाह है या फिर भ्रष्टाचार का शिकार है। प्रदेश में बीज और खाद के लिए भटकता हुआ किसान कुशासन का सबसे बड़ा उदाहरण है।

सरकार ने शुरू किया ऑपरेशन अजय

# इजरायल से आज विशेष विमान से लौटेंगे 230 भारतीय



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** इजरायल से भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन अजय शुरू किया और इसके अंतर्गत करीब 230 भारतीय पहली चार्टर उड़ान से शुक्रवार सुबह तक भारत लौटने की संभावना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, जैसा कि कल विदेश मंत्री ने घोषणा की थी, ऑपरेशन अजय को हमारे उन नागरिकों की इजराइल से वापसी की सुविधा के लिए शुरू किया गया है जो वापस आना चाहते हैं। पहली चार्टर उड़ान भारतीयों को लेने के लिए आज रात तक तेल अवीव पहुंचेगी और उन्हें शुक्रवार सुबह तक स्वदेश लाएगी।

श्री बागची ने एक सवाल के जवाब में कहा कि ऑपरेशन अजय आने के इच्छुक भारतीयों की मांग पर आधारित होगा। पहली उड़ान में 230 यात्रियों के सवार होने की उम्मीद है। फिलहाल चार्टर उड़ानें संचालित की जा रही हैं। लेकिन भविष्य में यदि जरूरत महसूस हुई तो हमारे पास सभी विकल्प हैं। ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। एक सवाल के जवाब में प्रवक्ता ने कहा कि लगभग 18 हजार भारतीय इजरायल में हैं। वहां संघर्ष चल रहा है और हालात चिंताजनक हैं। हमने अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं सुनी है। उन्होंने कहा कि भारतीयों को भारतीय मिशन में पंजीकरण कराने और मिशन द्वारा जारी परामर्श का पालन करने की सलाह दी गई है।

### इजराइल ने गाजा पट्टी खाली करने को कहा

इस बीच इजराइल ने लोगों को गाजा पट्टी खाली करने को कहा है। सेना ने आसमान से पर्चे गिराए हैं। इन पर लिखा है कि हमास के हमलों की वजह से इजराइली सेना जवाब दे रही है। जिन इमारतों पर हमास काम कर रहा है, उन्हें तबाह कर दिया जाएगा। वहीं, इजराइली सेना ने सीरिया में हमास के समर्थक ईरान के ठिकानों पर हमला किया है। ये हमले दमिश्क में एयरपोर्ट के करीब हुए हैं।

### संप्रभु फिलिस्तीन की वकालत करता रहा है भारत

भारत ने इजराइल पर हमास के हमले को आतंकी हमला बताया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि फिलिस्तीन को लेकर भारत की पॉलिसी लंबे समय से एक ही रही है। भारत हमेशा से बातचीत से आजाद और संप्रभु फिलिस्तीन बनाने की वकालत करता रहा है। अभी भारत का यही स्टैंड है।

उच्च न्यायालय ने दिए निर्देश

## निशा बांगरे के इस्तीफे पर एक सप्ताह में करें निर्णय

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे के इस्तीफे के मामले में याचिका पर आज जबलपुर उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। जिसमें न्यायालय ने निशा बांगरे के इस्तीफे और चार्जशीट पर निर्णय लेने के निर्देश सरकार को दिए हैं। इस इस मामले में अगली सुनवाई अगले हफ्ते होगी। बैतूल में डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ श्रीमती बांगरे ने विगत दिनों सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद भी अब तक सरकार ने उनका इस्तीफा मंजूर नहीं किया है।

डिप्टी कलेक्टर निशा के इस्तीफे के मामले में जबलपुर उच्च न्यायालय में दायर याचिका और सरकार की अपील पर सुनवाई तो हुई, लेकिन न्यायालय से आज भी उन्हें राहत नहीं मिली। इस मामले में निशा के अधिवक्ता विवेक तनखा ने सरकार पर जान बूझकर मामले में लेट लतीफ़ी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अब तो प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू है। ऐसे में किसके कहने पर सरकार अपील पेश कर रही है। अगर सरकार ने 2 दिन में इस्तीफ़े पर फ़ैसला नहीं लिया तो सोमवार को निर्वाचन आयोग में इस मामले की शिकायत करेंगे और जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट में भी अपील करेंगे। चर्चा है कि निशा बांगरे विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती हैं, इसलिए सरकारी नौकरी से उन्होंने इस्तीफा दिया है। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि सरकार उनका इस्तीफा मंजूर करने में जान बूझकर देर कर रही है।

बिहार ट्रेन हादसे पर खड़गे बोले

## तय हो रेलवे व केंद्र की जवाबदेही



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को बिहार के बक्सर में आनंद विहार-कामाख्या नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस दुर्घटना में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया और रेलवे और केंद्र की जवाबदेही तय करने की मांग की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी हादसे में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। एक्स पर एक पोस्ट में खड़गे ने कहा, 'नई दिल्ली से असम जा रही नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस के बिहार के बक्सर में पटरी से उतरने की खबर बेहद दुखद है।' उन्होंने कहा कि इस भीषण हादसे में कई लोगों की जान चली गई है और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए है। खड़गे ने कहा, हम मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि वे पीड़ितों को हर संभव मदद प्रदान करें।

### बालासोर के बाद दूसरी बड़ी दुर्घटना

उन्होंने ओडिशा के बालासोर में 2 जून को हुए ट्रिपल ट्रेन हादसे पर प्रकाश डालते हुए कहा, जून 2023 के बालासोर ट्रेन हादसे के बाद यह दूसरी बड़ी पटरी से उतरने की दुर्घटना है। रेल मंत्रालय और केंद्र सरकार की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

असम के कामाख्या जाने वाली आनंद विहार-कामाख्या नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस के 21 डिब्बों के बक्सर के रघुनाथपुर में पटरी से उतर जाने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। रेलवे की ओर से हादसे में मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाने के निर्णय लिया गया है। जबकि, घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि देने का एलान किया गया है।

## बाटला हाउस मुठभेड़ : हाईकोर्ट ने दोषी की मौत की सजा को उम्रकैद में बदला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2008 के बाटला हाउस मुठभेड़ मामले में आरिज खान की सजा को बरकरार रखते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को निचली अदालत से मिली मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया।

18 अगस्त को अदालत ने उस मामले में आरिज खान को मौत की सजा की पुष्टि पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसमें जामिया नगर में इंडियन मुजाहिदीन के दो संदिग्ध आतंकवादियों और प्रतिष्ठित इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा की हत्या कर दी गई थी। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने खान को राहत देते हुए उसकी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। विस्तृत आदेश की प्रति की प्रतीक्षा है। उच्च न्यायालय को पहले आरिज खान को दी गई मौत की सजा की पुष्टि के लिए एक संदर्भ प्राप्त हुआ था। दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सिलसिलेवार विस्फोटों में 35 से अधिक लोग मारे गए और 150 से अधिक घायल हो गए थे। कुछ दिनों बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 19 सितंबर 2008 को जामिया नगर के बाटला हाउस में एक मुठभेड़ को अंजाम दिया था। मोहन शर्मा ने धमाकों के लिए जिम्मेदार आतंकियों की तलाश में छापेमारी की थी। आरिज खान को 8 मार्च 2021 को मोहन शर्मा की हत्या समेत अन्य अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था और 15 मार्च, 2021 को मौत की सजा सुनाई गई थी। जबकि, एक अन्य दोषी शहजाद अहमद को मामले में आजीवन कारावास की सजा दी गई थी।

> इंस्पेक्टर मोहन शर्मा की हत्या की थी

पिछले बैठकों में गठबंधन ने एकजुटता का दिया था संदेश

# 'इंडिया' गठबंधन की रैली के लिए नहीं बन पा रही सहमति!

• विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** इंडिया गठबंधन ने लगातार पटना, बेंगलुरू और मुंबई में बैठक कर एनडीए के खिलाफ अपनी एकजुटता का संदेश दिया था। लेकिन अब गठबंधन की उद्घाटन रैली पर ही सहमति नहीं बन पा रही है। जिससे इसके भविष्य को लेकर सवाल भी खडे हो रहे हैं।

इस बीच 13 सितम्बर को समन्वय समिति की पहली बैठक के बाद माक्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने खुद को इस समिति से अलग कर मतभेदों को और हवा दे दी है। बतादें कि इंडिया गठबंधन की उद्घाटन रैली के लिए सबसे पहले मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल को चुना गया था। लेकिन विधानसभा चुनावों में व्यस्तता का हवाला दे सूबे के कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने इस पर ऐतराज कर दिया और रैली स्थगित हो गई। फिर माना जा रहा था कि अब यह रैली पटना में हो सकती है, लेकिन बात नहीं बनी। हालांकि अब इसके लिए महाराष्ट के नागपुर शहर को चुना गया है। समन्वय समिति 20 अक्टूबर से 10 नवम्बर के बीच तारीख तय करने पर विचार कर रही है। लेकिन मुश्किलें अभी भी नजर आ रही हैं। 4 नवम्बर को नागपुर में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव साथ ही त्योहार और पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनाव जहां इंडिया गठबंधन के दल ही एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोक रहे है। ऐसे में चुनाव से पहले एक साथ आकर रैली करना किसी पहेली से कम नजर नहीं आ रहा है।

> गठबंधन के भीतर नई चुनौतियां व शिकायतें भी सामने आ रही

विधानसभा चुनावों में गठबंधन के भीतर नई चुनौतियां और शिकायतें भी सामने आ रही हैं। समाजवादी पार्टी व वामपंथी दलों ने मध्यप्रदेश और तेलंगाना में अपने हितों की अनदेखी करने के लिए कांग्रेस के प्रति असंतोष जताया है। समाजवादी पार्टी मध्य प्रदेश में कांग्रेस के साथ गठबंधन में जाकर चुनाव लड़ना चाहती थी। लेकिन इसके लिए कांग्रेस की तरफ से कोई सकारात्मक जवाब नहीं आया। इसी तरह वामपंथी दल तेलंगाना में सम्मानजनक उपस्थिति के लिए कांग्रेस से कुछ सीटों को छोडने की बात कर रहे थे।

## सार-समाचार

### आयुष्मान मेला में 147 मरीजों का हुआ परीक्षण



**मालथौन, देशबन्धु।** सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालथौन में आयुष्मान स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला स्तर से आयी हुई टीम द्वारा 147 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। नोडल अधिकारी द्वारा दी जानकारी के अनुसार जिसमें बुखार के 27 मरीज, उल्टी दस्त के 4 मरीज, सुगर बीपी 26 मरीज, डॉग व्हाइट 01 मरीज, चोट 12 मरीज, स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 06 गर्भवती महिलाएं का परीक्षण किया गया। नेत्र विशेषज्ञ द्वारा 03 लोगो का नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर में सर्दी खासी 52 अन्य बीमारी के 16 मरीजों कुल 147 मरीजों दिया गया। पांच लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए, आभा आईडी16 बनाई गई और ईकेवायसी 10 लोगो के किए गए। मेले में उपस्थित हुए डॉ. जेएस धाकड़, डॉ. अमित दुबे, डॉ. संजय राघव, डॉ. अंकिता सिंह, डॉ. विक्रांत गुप्ता, राजकुमार जड़िया, मोहर सिंह आदि।

### किराना दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी, दमोह माधवी बुधौलिया ने बटियागढ़ एवं नरसिंहगढ़ की विभिन्न किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया है। बटियागढ़ में बस स्टैंड स्थित शुभश्री किराना एंड जनरल स्टोर से ब्रिटेनिया टोस्ट एवं दर्शन ब्रांड साबूदाना के नमूने जांच हेतु लिए गए हैं। नरसिंहगढ़ में मेन बाजार स्थित बजरंग किराना स्टोर से चावल एवं अरहर दाल के नमूने जांच हेतु लिए गए हैं। इन दोनों खाद्य प्रतिष्ठानों का फॉस्कोरिस एप्प के माध्यम से ऑनलाइन निरीक्षण किया गया है। इन खाद्य पदार्थों के नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है।

### जनपद पंचायत के एडीईओ के सेवनिवृत विदाई संपन्न



**शाहगढ़, देशबन्धु।** जनपद पंचायत में कार्यरत सहायक विकास अधिकारी पंचायत नरेंद्र कुमार सेठी सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने पर विकास खंड कर्मियों द्वारा जनपद के सभाकक्ष में विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया। विदाई एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त सहायक विकास अधिकारी नरेंद्र सेठी ने अपने सेवाकाल के अनुभव के आधार पर बताया कि जो कर्मचारी अधिकारी अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करेगा वही खुश रहेगा तथा सकुशल सेवानिवृत्त होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पाएगा। विदाई समारोह को मुख्य रूप जनपद अध्यक्ष मनीष यादव ने संबोधित करते हुए भावभीनी विदाई देते हुए सेवानिवृति पर भक्ति भाव के रुप में चांदी की माला, साल, वस्त्र एवं उपहार तथा फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। विदाई समारोह का संचालन अनंदी बाबू ने किया। विदाई समारोह में जनपद पंचायत के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खाद न मिलने से किसान परेशान, लग रही कतार

**मालथौन, देशबन्धु।** डबल लॉक पर खाद के लिए किसानों की लंबी लंबी कतारें लग रही है खाद को लेकर किसान परेशान है। किसान रवि फसल की बुआई की तैयारी में लगे हुए किसानों को खाद की समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं। उन्हें समय से बाजार में खाद नहीं मिल रहा है डबल लॉक पर दो दो बोरी खाद के लिए लंबी कतारों में लगने पड़ रहा हैं। वो भी बड़ी मुश्किल से मिल रहा है भूखे प्यासे दिन दिन भर नम्बर का इंतजार करने के बाद मिल रहा हैं। किसानों को खाद समय से नहीं मिलने से खेती उखड़ने का डर सता रहा हैं। चुनाव का दौर चल रहा है। किसानों को समय से खाद नहीं मिलने से परेशान है घण्टो लाइन में लगने के बाद खाद नहीं मिल पा रहा हैं। जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है। तीन चार दिन से खाद की समस्या को लेकर तरह तरह की खबरे आ रही हैं। समय रहते यहा अधिकारियों ने न रैक लगाई न पर्याप्त मात्रा में खाद का स्टॉक किया। जिससे किसानों को खाद की परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। किसान लल्लू लोधी जामुन ढाना ने बताया की चार पांच दिन से खाद के लिए परेशान हो रहा हूं एक बंधी पर दो बोरी खाद मिल रहा हैं। वहां स्टॉक की कमी है। किसान भूपेन्द्र तिवारी ने खाद की परेशनी बताते कहा कि खाद के चक्कर में हाजमा खराब हो गया। पांच दिन से सुबह बिना कलेऊ के आ जाते लाइन में लगे हालत खराब हो गई हैं एक बंदी पर दो बोरी दे रहे चाहे एक एकड़ की बंधी हो चाहे पचास एकड़ की। जब एसडीएम रोहित बम्होरे से खाद की समस्या के बारे पूछा तो उन्होंने कहा कि स्टॉक खत्म हो गया हैं नया स्टॉक आ रहा है फिर किसानों आसानी खाद मिलने लगेगा।



खाद वितरण केंद्र मालथौन डबल लॉक पर किसान सुबह से देर शाम तक लाइन में लग रहे हैं लेकिन उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद नही दिया जा रहा हैं। कई घण्टे धूप, कतार में खड़े रहना पड़ रहा हैं ऐसा किसानों का कहना है।

### सफलता प्राप्ती के लिए व्यवसायिक विकास जरूरी है



**सागर, देशबन्धु।** ज्ञानवीर आईटीआई सागर में एक दिवसीय मोटीवेशनल व्यख्यान कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मोटीवेशनल स्पीकर संजीव विश्वकर्मा द्वारा व्यक्त विकास प्रभावी समपेषण के तथ्यों पर प्रकाश डाला गया है। कार्यक्रम की शुरूवात मे संस्थाव के प्राचार्य नीतेश प्रजापति द्वारा व्यख्यान मोटीवेशनल स्पीरकर संदीप विश्वकर्मा का स्वागत पौधा देकर किया गया। कार्यशाला में मोटीवेशनल स्पीकर द्वारा कौशलयुक्त हाथ के साथ अपने व्यकितत्व विकास का परीक्षण हेतु विशेष प्रकार की जानकारी प्रदान की गई, साथ ही छात्र-छत्राओं के मध्य बौद्धिक खेलो के आयोजन के साथ व्याकितत्व विकास ज्ञान का उपयोग हम अपने दैनिक जीवन में किस प्रकार से कर सकते है व अपने भविष्य में आने वाली कठनाईयों का व्याकितत्व विकास के मध्यम से कैसे सामना कर सकते है व हम अपने आप को कैसे बेहतर बनाए एवं अच्छे कैरियर की शुरूवात व सफलता प्राप्त करने के सफलता के मूल मंत्र के साथ समस्तक विद्यार्थियों को अपडेट रहना अति अवश्यलक है। कार्यशाला के अंत में संस्थात के प्रचार्य ने मोटीवेशनल स्पींकर संदीप विश्वकर्मा का अभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के समस्त स्टाफ व छात्र-छात्रएं उपस्थित रहें।

## जूनियर जादूगर ने यातायात के नियमों के प्रति किया जागरूक

### कहा- बाइक चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करें



**बीना, देशबन्धु।** जादूगर आनंद का शुक्रवार को शो होने वाला है। इससे पहले गुरुवार को जादूगर के बेटे जूनियर जादूगर आनंद ने लोगों को यातायात के प्रति जागरूक किया। जूनियर जादूगर आनंद ने इस यात्रा की शुरुआत बीना के गांधी तिराहा से की। जहां बाइक चलाने से पहले बीना के यातायात व्यवस्था प्रभारी देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव के समक्ष पहले अपनी आंखों पर पट्टी बांधी। इसके बाद गूंथा हुआ आटा अपनी आंखों पर लगाया। जिसके बाद एक और पट्टी से बांधी गई। इसके बाद एक मास्क पहनकर मास्क के ऊपर एक पट्टी पुलिस के हाथों से बंधवाई गई। इसके बाद बाइक रैली निकाली गई। आंखों पर पट्टी बांधकर बाइक चलाने की शुरुआत नगर के गांधी तिराहा से हुई। बाइक चलाने से पहले जूनियर जादूगर आनंद आग लगी हुए रिंग से अपनी बाइक के साथ निकले। इसके बाद बाइक रैली महावीर चौक, कच्चा रोड़, थाने के पीछे से होते हुए सर्वोदय चौराहा, कॉलेज तिराहा से होते हुए बाइक रैली गांधी तिराहे पर समाप्त हुई। आंखों पर पट्टी बांधकर बाइक चलाते हुए जूनियर आनंद को देख शहर के लोग हैरत में पड़ गए। बाइक में रैली में जूनियर जादूगर आनंद के साथ उनकी टीम का साथी बाइक चला रहा था जिसका सर दिखाई नहीं दे रहा। उन्होंने बताया कि इस तरीके से बाइक चलाने का उद्देश्य लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करना है। वह आंखें बंद करके बाइक चला रहे हैं तो कोई दुर्घटना नहीं हो रही है जबकि लोग दो आंखें खोल कर बाइक चलाते हैं, इसके बाद भी दुर्घटना हो जाती है। इसलिए उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बाइक चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करें और सावधानी से बाइक चलाएं। नशे के सेवन करके कभी भी बाइक न चलाएं। जूनियर जादूगर आनंद ने कहा कि जिस तरह से मैने बाइक को चलाया है उस तरह से कोई भी बाइक न चलाएं। नगर की यातायात व्यवस्था संभालने वाले सहायक उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आंखें बंद करके जब जूनियर जादूगर आनंद इतनी अच्छी तरीके से बाइक चला सकता है तो हम लोग दो-दो आंखें होने के बाद भी सही तरीके से बाइक क्यों नहीं चला पाते हैं। इसकी वजह यह है कि बाइक चालक लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हैं। बाइक चलाते समय हेलमेट का उपयोग हमेशा करना चाहिए। इसके अलावा शराब आदि का नशा करके बाइक कभी भी न चलाएं। इससे आपकी जान तो जा ही सकती है साथ ही साथ सामने वाले की जान भी जा सकती है।

### तीन दिवसीय दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का आगाज आज से

**सागर, देशबन्धु।** समाजवाद के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जी की 5147वीं जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज सागर 13 से 15 अक्टूबर तक तीन दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अग्रवाल विकास सभा के सचिव मोहन अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 अक्टूबर को दोपहर 3.30 बजे से 5 बजे तक 8 वर्ष से 12 वर्ष के बच्चों के लिए न्यूज पेपर द्वारा पेपर बैग बनाना एवं 13 वर्ष से 16 वर्ष तक के बच्चों के लिए पेपर आर्ट प्रतियोगिता तथा 17 से 30 वर्ष तक के प्रतिभागियों के लिए तोरण बनाओ प्रतियोगिता रखी गई है, महिलाओं के लिए विशेष रूप से सांप सीढ़ी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है तथा शाम 7 बजे से राधे राधे प्रीत मंडल द्वारा एक शाम बांके बिहारी के नाम भजन संध्या आयोजित की गई है। 14 अक्टूबर को 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं सभी आयु वर्ग के लिए कपल अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 15 अक्टूबर को 6.30 बजे से समाज की युवतियों एवं महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में गरबा आयोजित होगा उसके बाद कल पिता महाराजा अग्रसेन जी की आरती पूजन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। अग्रवाल युवा मंच एवं महिला मंडल ने सभी समाज जन से परिवार सहित जयंती महोत्सव में शामिल होने का आव्हान किया।

### आबकारी विभाग ने 9 पेटी शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया



**सागर, देशबन्धु।** विधान सभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर अवैध शराब के विनिर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत बीते दिन 11 अक्टूबर को अवैध शराब की बिक्री की सूचना पर दबिश दी। दबिश के दौरान आरोपी शफी खान पिता ताज मोहम्मद खान निवासी शिवाजी वार्ड खुरई से 9 पेटियों में 419 पाव देशी मदिरा पकड़ी गई। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्व किया गया। प्रकरण अजमानतीय होने से आरोपी को न्यायलय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कार्रवाई के दौरान आबकारी वृत प्रभारी उपनिरीक्षक सियाराम चौधरी, उप निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, रूप किशोर मिश्रा, प्रदीप दुबे, संध्या कुलस्ते उपस्थित रहे।

### दूसरों के दोष देखकर खुद के मन और विचारों को दूषित मत करोः मुनिश्री

**मकरोनिया, देशबन्धु।** दृष्टि वालो, दृष्टिकोण बदलो। दोषो पर नहीं, गुणो को देखो। प्रथम वीतराग दृष्टि, दूसरी राग दृष्टि, तीसरी विकार दृष्टि, आप क्या देखते हो आपकी दृष्टि कैसी है विचार करो। सकारात्मक दृष्टि बनाओ उक्त प्रेरक सूत्र मुनिश्री सुदत्तसागर ने दृष्टि दिवस के अवसर पर अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते दिया। मुनिश्री ने कहा सम्यक दृष्टि बनो, आप बुरे कृत्य करके कानून की निगाहो से बच सकते हो परंतु कर्म का कैमरा तो भीतर के विचार भी पकड़ता है। बाहर का कैमरा बाहर का दृश्य दिखाता है, अपनी दृष्टि नासा कर लो। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर जी महाराज ने कहा विकृत दृष्टि मोह से युक्त होती है, वहां वासना उत्पन्न होती है, दोष देखकर खुद के मन और विचारों को दूषित मत करो। तेरी दो आंखें तेरी और हजार, सतर्क हो जा। देखने से हमारे भाव बदल जाते हैं तुम्हारी क्रियाओ को सब देख रहे हैं, भली भांति देखकर हर कार्य करो। टीवी चैनलों, मोबाइल को कम देखो, आंखें कमजोर हो जाएंगी, चश्मा लगेगा। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया की विश्व दृष्टि दिवस पर सागर नगर गौरव प्रसिद्ध आई सर्जन डॉ. अशोक सिंघई का सकल दिगंबर जैन समाज ने शाल, माला, तिलक, मोमेंटो से सम्मान किया। डॉ. अशोक सिंघई ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें खानपान में श्रेष्ठ पदार्थो का प्रयोग करना चाहिए। टीवी मोबाइल को कम देखना चाहिए, आंखों को रोज साफ पानी से धोये और आंखों का ख्याल रखें। संचालन जिनेश जैन बहरोल ने किया।

## शांति समिति की बैठक संपन्न, नवरात्रि एवं चुनाव में आचार संहिता के नियमों का पालन करने की अपील की



**शाहगढ़, देशबन्धु।** नवरात्रि और चुनाव के मद्देनजर शांति समिति की बैठक शाहगढ़ थाना परिसर में गुरूवार को हुई। जिसमें आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए त्योहारों को आनन्दपूर्वक मनाएं जाने से जुड़ी जानकारी दी गई। तहसीलदार विजयकांत त्रिपाठी ने कहा कि इस बार नवरात्रि, दशहरा, दीपावली के साथ निर्वाचन का त्योहार भी मनाया जाएगा। लेकिन आचार संहिता लागू होने पर इस बार त्योहारों के उल्लास पर कोई असर नहीं पड़ेगा। केवल कुछ नियमों के साथ हमें यह पर्व मनाना होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस की नजर असामाजिक तत्वों पर है। आप भी ऐसे तत्वों पर अपनी कड़ी नजर रखें। किसी भी गड़बड़ी की सूचना तत्काल पुलिस को दें। ऐसे अवांछनीय तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही त्रिपाठी ने कहा किसी भी पंडाल में किसी भी प्रकार की दिक्कत होती है आप सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा बिजली विभाग के जेई दीपक वर्मा ने सभी दुर्गा समितियों से विधिवत बिजली का अस्थाई कनेक्शन लेने की अपील की। नपा सीएमओ एमजी गोस्वामी ने कहा प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी पालिका की पूरी टीम पंडालों के आस पास साफ-सफाई, पानी, बिजली की व्यवस्था करवाएगी। साथ ही जंवारा व मूर्ति विसर्जन के लिए पूरी टीम लगातार सेवा देते रहेगी। टीआई अर्चना सिंह ने कहा कि पांडालों की अनुमति लेना अनिवार्य है। डीजे प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों और लाउड स्पीकर का उपयोग रात दस से सुबह 6 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा और सिर्फ दो बॉक्स की ही परमिशन दी जा रही है। इस दौरान पार्षद एवं सभी दुर्गा समिति के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि पर्व पर मंदिर में भारी भीड़ दर्शन के लिए आती है। साथ ही गरबा का भी आयोजन किया जाता है। ऐसे में वहां अलसुबह से लेकर देर रात्रि तक महिला पुरुष पुलिसकर्मियों की ड्यूटी सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी स्थानों पर लाइट की व्यवस्था भी की जाए। समाजसेवी गुलाब चंद जैन ने 25 अक्टूबर से दो नंबबर तक होने जा रहे जैन समुदाय के धार्मिक आयोजन की तैयार रूपरेखा को रखा और स्वीकृति प्राप्त की। इसके अलावा समाजसेवी कमला यादव, गोकल राय, राजेंद्र तिवारी, मोहित भल्ला, किशोरी यादव, जग्गी साहू आदि बैठक में मौजूद धार्मिक सामाजिक कार्यकर्ताओ ने कहा कि दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान हादसा न हो इसके लिए बीला चंदिया जलाशय के तट और विशेषकर मूर्ति क्षेत्र में विसर्जन के समय पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाए। वहीं और भी कई मुद्दों पर चर्चा कर समाधान लिया और प्रशासन के नियमों के अनुसार ही सभी त्यौहार मनाने का आश्वासन दिया। बैठक में अमरमऊ, हीरापुर, बरायथा, कानीखेडी, बराज, नरवा, सिमरिया, नरायनपुरा आदि कई गांवों के प्रतिनिधी उपस्थित रहे।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ



**बीना, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र बीना में स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी हेतु एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर देवेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । उन्होंने समस्त महाविद्यालय एवं विद्यालय में नोडल अधिकारी एवं कैंपस एंबेसडर के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश दिए। केंद्रीय विद्यालय बीना में प्राचार्य अशोक कुमार सारस्वत ने विद्यालय स्टॉफ एवं विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता की शपथ एवं मानव श्रृंखला तथा देश का नक्शा बनाकर सभी मतदाताओं से विधानसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. एमएल सोनी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी मतदाताओं की भागीदारी आवश्यक है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति हमारा मत है। के के जैन ने कहा कि युवा देश का भविष्य है। सभी युवा अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। कार्यक्रम में श्वेता गिल, डॉ. कविता त्रिपाठी, अखिलेश कुमार जैन, अंकित मिश्रा, गरिमा सिंह, कैलाश केसरवानी, अमन सैनी, शिवानी रोहित सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नाबालिग को भगाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** नाबालिग को भगा ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी मोहम्मद अजीम गाड़ा को विषेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट एवं नवम अपर सत्र न्यायाधीश ज्योति मिश्रा जिला सागर की अदालत ने दोषी करार देते हुये पाक्सो एक्ट की धारा.5(एल)/6 के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। न्यायालय द्वारा बालिका के लिये उसे क्षतिपूर्ति के रूप में युक्तियुक्त प्रतिकर 400000 रूपये दिये जाने का आदेश दिया गया। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्ग दर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी मनोज पटैल ने की। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता के पिता ने थाना मकरोनिया में इस आषय की रिपोर्ट लेख कराई कि पीड़िता 27फरवरी 2021 के सुबह 8.30 बजे से लपता है। पीड़िता के 10 अप्रैल 2021 को दस्तयाब होने पर उसने अपने कथनों में आरोपी द्वार उसे विशाखापट्टनम ले जाकर किराए के कमरे में रखकर शारीरिक संबंध बनाए जाने के बारे में बताया गया।

उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गये, घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित कर थाना मकरोनिया द्वारा भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा. 363, 366, 376(2)(एन), 0344 व लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षक अधिनियम 2012 की धारा 5(एल) सहपठित धारा 6, 5(र) (पप) सहपठित धारा 6 का अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। अभियोजन द्वारा अभियोजन साक्षियों एवं संबंधित दस्तावेजों को प्रमाणित किया गया एवं अभियोजन ने अपना मामला संदेह से परे प्रमाणित किया। जहां विचारण उपरांत विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट एवं नवम अपर सत्र न्यायाधीश ज्योति मिश्रा जिला सागर की न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया है।

### श्रीमद्भागवत का सार है श्रीकृष्ण, सुदामा चरित्रः अतुल प्रेमजी

**सागर, देशबन्धु।** जिस प्रकार रामचरित मानस में भरत मिलाप और भक्त हनुमान से मिलन रामायण का केन्द्र बिन्दु है उसी प्रकार श्रीमद्भागवत का अंतिम अध्याय सुदामा चरित्र भागवत का प्राण सार है यह बात कृष्णगंज वार्ड में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर कथा व्यास पं. अतुल प्रेम जी महाराज ने कही। पं. अतुल प्रेम जी ने बताया कि श्री भागवत कथा अनिवार्यतया सात दिवसीय होती है जिसमें भगवान के सभी अवतारों का वर्णन प्रथम तीन से चार दिवस में होकर चैथे दिन कृष्ण जन्मोत्सव तथा पांचवे छटवे दिन उनकी लीलाओं का वर्णन और सातवे दिन कृष्ण सुदामा मिलाप का पूरा दिन वृतान्त सुनाया जाता है।

### रिटर्निंग ऑफिसर ने ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया

**बीना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं, आदर्श आचार संहिता का परिपालन, शासकीय संपत्ति से अनाधिकृत विरूपण हटाने की कार्यवाही के संबंध में एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर देवेंद्र प्रताप सिंह एवं तहसीलदार सुनील कुमार शर्मा द्वारा ग्राम पिपरासर, बरोदिया, दुधावनी, पालीखेड़ा एवं उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश की अंतर्राज्यीय सीमाओं से लगे हुए मतदान केंद्रों, अशोक नगर एवं सागर अंतरजिला कंजिया चेकपोस्ट पर चल रही वाहनों की चेकिंग की कार्यवाही का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन, थाना प्रभारी भानगढ़ शिखा भलावी, देवव्रत तिवारी चौकी प्रभारी कंजिया, चंचल चौरसिया, यशवंत सिंह ठाकुर, वीरेंद्र राय उपस्थित थे।

## अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार, 02 पेटी अवैध शराब व फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेला



**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा अवैध शराव अवैध हथियार व फरार स्थाई गिर वारंटियो की धरपकड के लिए चलाये जा रहे अभियान में अवैध शराव अवैध हथियार व फरार स्थाई गिर वारंटियो की धरपकड़ के लिए निर्देशित किया गया था। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार उइके, एसडीओपी बण्डा शिखा सोनी के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र में टीम गठित कर अलग-अलग क्षेत्र में आरोपयिो की तलाश पतारसी हेतु रवाना की गई थी कि 12 अक्टूबर को ग्राम बीजरी में बण्डा बरायठा स्टेण्ड पर आदतन आरोपी भीम उर्फ रूपकिशोर लोधी पिता जगदीश लोधी हाथ में एक देशी कटटा लिये घूम रहा है कि सूचना पर मौके पर पहुचाकर तस्दीक किया जो उक्त आरोपी पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेरा बंदी कर पुलिस स्टाफ की मदद से पकड़ा आरोपी भीम उर्फ रूपकिशोर पिता जगदीश लोधी के कब्जे से एक 315 बोर का देशी कटटा व एक जिन्दा कारतूस समक्ष गवाहान उपरोक्त के जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेआर पर माननीय न्यायालय बण्डा पेश किया गया है। 12 अक्टूबर को जरिये सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मुडारी बुजुर्ग तरफ से एक व्यक्ति मो.सा. से अवैध शराव ला रहा है कि सूचना तस्दीक पर मौके पर मय स्टाफ के पहुंचकर ग्राम सेमरारामचन्द्र आम रोड पर वाहन की तलाशी ली गई जो आरोपी गब्बर पिता अनरथ लोधी उम्र 26 साल विनासी ग्राम महुना का एक मो.सा. बिना नं. की स्पेलेन्डर कम्प्नी की मो.सा. पर 02 पेटी खाकी कार्टून के लिये दिखा जो पुलिस को देखकर मय मो.सा. व 02 पेटी खाकी कार्टून के छोडकर भाग गया जो समक्ष गवाहान उपरोक्त के खाकी काढून की तलाश ली गई जिसमे प्रत्येक पेटी में 50-50 पाव देशी लाल मशाला शराव कुल 18 लीटर कीती 10000 रुपए की रखी मिली आरोपी के विरुद्ध थाना बण्डा में धारा 34 (1) आवकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।12 अक्टूबर को थाना बण्डा का प्रकरण क्र. 380/14 धारा 341, 294, 323, 325, 506, 34 ताहि में फरार आरोपी नत्थू यादव पिता प्रभू यादव निवासी ग्राम ककरट थाना बरायठा की सूचना प्राप्त होने पर मौके पर पहुंचकर दविश देकर फरार आरोपी को ग्राम ककरट थाना बरायठा से विधिवत गिर कर माननीय न्यायालय बण्डा पेश किया गया किया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नसीर फारुकी, उनि संजय बघेल सउनि पूरनलाल लडिया, प्र.आर. अब्दुल रहमान, प्र.आर. आनन्द तिवारी, आर. खिलान, भारत, ओमकार, सतीश राज, मदन पटेल, मनीष यादव, चालक सोनू का विशेष योगदान रहा।

# चुनावी प्रक्रिया का ककहरा सीख रहे कर्मचारी

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया प्रशिक्षण का निरीक्षण



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भोपाल के सरकारी कर्मचारियों का चुनावी प्रशिक्षण गुरुवार से सात केन्द्रों पर शुरू हो गया है। यहां कर्मचारी अगले चार दिन तक निर्वाचन प्रक्रिया का ककहरा सीखेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने कर्मचारियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली और अधिकारी-कर्मचारियों से निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी सवाल पूछे।

जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने गुरूवार को गांधी मेडिकल कॉलेज के सभागार एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज में स्थित केन्द्र पर मतदान दलों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि मतदान कर्मियों को गहनता के साथ प्रशिक्षण दिया जाए। उन्हें हर बारीकी से अवगत कराया जाए। निर्वाचन आयोग के नियम और निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी जाए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि प्रशिक्षण स्थल पर उपलब्ध ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन में हेण्ड्स ऑन प्रशिक्षण अवश्य करें। अभी प्रशिक्षण कर लेने से मतदान दिवस के दिन कार्य समय पर पूरा कर सकेंगे। कलेक्टर ने कहा कि बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

उधर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋतुराज सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण केन्द्र पर नियुक्त पर्यवेक्षक, मास्टर ट्रेनर से समन्वय रखने के लिए जिला पंचायत में पदस्थ अधिकारियों की ड्यूटी लगाई हैं। जारी आदेश अनुसार डॉ. पूर्णिमा चौरसिया परियोजना अधिकारी जिला पंचायत की गांधी मेडिकल कॉलेज में, संतोष झारिया जिला समन्वय की बीएसएस कॉलेज में, श्रीमती मालती राजपूत सहायक परियोजना अधिकारी की शहीद भवन में, श्रीमती शिखा सिंह परियोजना अर्थशास्त्री की शासकीय पॉलिटेक्निक में, श्रीमती मनीषा वाजपेयी ऑडिटर की माडल स्कूल टीटी नगर में, हीरालाल महोबिया वरिष्ठ डाटा मैनेजर की कुकक्ट भवन वैशाली नगर में एवं गिरीश तावसे सहायक प्रबंधक वित्त को समन्वय भवन में डयूटी लगाई गई हैं ।

### 16 हजार कर्मचारी करेंगे ड्यूटी

भोपाल शहर में विधानसभा चुनाव के लिए 16 हजार सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हे। इनमें से प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 10 से अधिक कर्मचारी तो 3 हजार कर्मचारी उड़नदस्ता, और जांच दल में तो करीब दो हजार कर्मचारी आरक्षित रहेंगे।

### ढाई सौ ने अलग अलग बहाने बता कर मांगी छुट्टी

चुनावी ड्यूटी लगने का आदेश मिलते ही कई सराकारी कर्मचारियों ने अलग अलग बहाने बता कर छुट्टी मांगना शुरू कर दी है। इनमें से किसी ने नवजात शिशु होने का बहाना बताया तो किसी ने सास की सेवा करने की बात कही। कई कर्मचारियों ने तो अपनी उच्च रक्तचाप और बीमारी का और रात में नहीं दिखने का बहाना बताकर अवकाश की मांग की। इस तरह कुछ 260 कर्मचारियों ने छुट्टी मांगी। हालांकि इनकी चिकित्सा जांच के लिए प्रशासन ने मेडिकल बोर्ड बनाया है जो इनके इलाज, जांच रिपोर्ट और दवाओं की जांच करेगा।

# चुनाव की ड्यूटी पर नहीं पहुंचे 5 कर्मचारी तो हुए निलंबित

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों की विधानसभा चुनाव में ड्यूटी लगाई गई है। लेकिन आयोग के आदेशों का पालन न करते हुए पांच कर्मचारी चुनाव ड्यूटी से अनुपस्थित रहे। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर आशीष सिंह ने कार्रवाई करते हुए उनको निलंबित कर दिया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि विधानसभा चुनाव के चलते प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लगी है। प्रशासन ने इसका कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने शासकीय कर्मचारी गोपाल प्रसाद शर्मा, शुभम जाधव, अमर यादव, मोहनलाल कश्यप और रमेश वानखेड़े की चुनाव ड्यूटी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में लगाई थी, लेकिन यह पांचों तय की गई ड्यूटी पर कार्यस्थल पर नहीं पहुंचे। इसके चलते उन पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। इनमें से गोपाल प्रसाद शर्मा शीघ्र लेखक नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, शुभम जाधव सहायक ग्रेड 3 कार्यपालन यंत्री अनुरक्षण भोपाल, अमर यादव भृत्य बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, मोहनलाल कश्यप भृत्य कार्यालय प्राचार्य पूर्व प्रशिक्षण एवं रमेश वानखेड़े मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में कार्यरत हैं।

# पुलिस आयुक्त ने कहा बदमाशों के खिलाफ कार्यवाही के साथ सोशल मीडिया पर नजर रखें

**भोपाल, देशबन्धु।** पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने विधानसभा चुनाव एवं नवरात्री सहित अन्य पर्वों के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर गुरुवार को सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक में अपराधियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए है । पुलिस आयुक्त श्री मिश्र ने चुनाव संबंधी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, अपराधों के निराकरण, संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण, क्षेत्रों की जांच फ्लैग मार्च, इत्यादि की विस्तृत जानकारी लेकर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराना हम सबकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, इसके लिए सभी अधिकारी व थाना प्रभारी अतिसंवेदनशील होकर आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाएं। गुंडे, बदमाशों के खिलाफ लगातार प्रतिबंधात्मक तथा मादक पदार्थों व अवैध हथियार



तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करें। क्षेत्र में लगातार भ्रमण करें और शेष लाइसेंसी हथियार जल्द से जल्द थानों में जमा कराएं । श्री मिश्र ने कहा कि नवरात्रि एवं दशहरे के मद्देनजर झांकी आयोजकों, रामलीला समिति, नगर रक्षा समिति एवं गणमान्य नागरिकों से संवाद कर चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों से अवगत कराएं । साथ ही झांकियों एवं कार्यक्रम स्थलों पर आमजनों की सुरक्षा हेतु सभी महत्वपूर्ण इन्तजाम रखने, सीसीटीवी लगवाने हेतु तथा त्यौहार शांति पूर्ण तरीके मनाने हेतु अपील करें तथा असामाजिक तत्वों पर नजर रखे । त्यौहारों के दौरान सभी थाना प्रभारी रात्री 1 बजे तक थाना क्षेत्र में रहें तथा सोशल मीडिया पर नजर रखे। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अनुराग शर्मा एवं समस्त डीसीपी, एडशनल डीसीपी एवं समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहे ।

# सड़क पार कर रही महिला को कार ने रौंदा, मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** खजूरी सड़क थाना इलाके में पैदल सड़क पार कर रही एक महिला को तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात कार ने रौंद दिया। इस हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से टक्कर मारकर भागी कार के बारे में जानकारी जुटा रही है।

खजूरी सड़क थाना पुलिस के मुताबिक 43 वर्षीय शीला पत्नी विकास सेन ग्राम भैंसाखेड़ी में रहती थी। वह गृहणी थी। बुधवार दोपहर वह घर के पास मुख्य सड़क को पैदल पार कर रही थी। इस दौरान सड़क पर तेज रफ्तार से चल रही कार ने कुचल दिया। घायल महिला को उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल भेजा गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। इसके साथ ही पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

### वृद्धा को कुचलने वाले वाहन का सुराग नहीं

उधर, गांधी नगर के प्रताप वार्ड में रहने वाली वृद्धा महिला को कुचलकर भागे वाहन का पुलिस डेढ़ माह बाद भी सुराग नहीं लगा सकी है। 62 वर्षीय शकुनबाई पत्नी सत्यनारायण शर्मा गृहणी थीं। उनके पति मंदिर में पुजारी हैं। शकुनबाई रोजाना की तरह 27 अगस्त की सुबह छह बजे घर के पास टहलने निकली थीं। इस दौरान अज्ञात वाहन उन्हें कुचलकर भाग गया था। राहगीरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां कुछ देर बाद ही उन्होंने दम तोड़ दिया था। पुलिस डेढ़ माह बाद भी वृद्धा महिला को कुचलकर भागे वाहन का सुराग नहीं लगा सकी है।

# नर्सिंग छात्रा का एटीएम बदलकर खाते से 26 हजार रुपए निकाले

**भोपाल, देशबन्धु।** अशोका गार्डन इलाके में नर्सिंग छात्रा का एटीएम कार्ड बदलकर जालसाज ने उसके बैंक खाते से 26 हजार रुपए रुपये निकाल लिए। पिता के मोबाइल पर संदेशय पहुंचने पर छात्रा को इस ठगी की जानकारी हुई। उसके बाद छात्रा ने थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस के मुताबिक आकांक्षा सिंह पुत्र देवेंद्र सिंह उम्र 18 वर्ष मूलत: मैहर की रहने वाली है। फिलहाल वह अशोका गार्डन स्थित कन्या छात्रावास में रहती है। बुधवार दोपहर उसे रुपयों की जरूरत थी तो वह अशोका गार्डन सब्जी मंडी चौराहा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम पहुंची। यहां आकांक्षा ने एटीएम से रुपये निकालने का प्रयास किया, लेकिन रुपये नहीं निकले। इस दौरान उसके पीछे एक युवक खड़ा हुआ था, जिसने उसका पिन नंबर देख लिया था। इसके बाद युवक कहने लगा कि शायद एटीएम खराब है। ऐसा कहते हुए छात्रा की मदद के बहाने उसने एटीएम कार्ड ले लिया और जब पैसे नहीं निकले तो कार्ड देकर चला। इस दौरान उसने छात्रा का कार्ड बदल दिया था। लिहाजा जालसाज ने शाम को उक्त कार्ड के मार्फत उसके बैंक खाते से 25 हजार सात सौ रुपए निकाल लिए। पिता के मोबाइल पर इसका संदेश पहुंचने पर उन्होंने बेटी से जानकारी ली तब आकांक्षा को इस ठगी की जानकारी हुई। उसके बाद छात्रा ने थाने पहुंचकर घटना की शिकायत की। छात्रा की शिकायत पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपी की पहचान के लिए एटीएम और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की तस्वीरें खंगाली जा रही हैं।

# विश्व दृष्टि दिवस पर दी आंखों की देखभाल की जानकारी

**भोपाल, देशबन्धु।** आंखों की देखभाल के प्रति जागरूकता, आंखों की सुरक्षा और दृष्टि संरक्षण के महत्व के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व दृष्टि दिवस का आयोजन गुरूवार को किया गया।

इस अवसर पर जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नेत्र रोग विशेषज्ञों और नेत्र सहायकों द्वारा आंखों की जांच एवं नेत्र देखभाल की सलाह दी गई। हेल्थ एंड वैलनेस केंद्रों में आंखों की देखभाल के लिए परामर्श सत्र एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि नेत्र रोगों के उपचार एवं देखभाल के लिए राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत स्कूली बच्चों की आंखों की जांच, निशुल्क चश्मा वितरण, मोतियाबिंद के ऑपरेशन, नेत्रदान जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को अंगदान के लिए भी जागरूक एवं प्रोत्साहित कर पंजीयन करवाया जा रहा है। नेत्रदान अथवा अंगदान के इच्छुक लोग राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर से विस्तृत जानकारी लेकर स्वैच्छिक पंजीयन करवा सकते हैं।



# अब अपर आयुक्त निरीक्षण कर रखेंगे सफाई पर नजर



**भोपाल, देशबन्धु।** चुनावी आचार संहिता के दौरान अब शहर की सफाई चुस्त-दुरूस्त करने के लिए नगर निगम आयुक्त के साथ अब अपर आयुक्त विधानसभावार निगरानी कर रहे हैं।

इसी कड़ी में गुरुवार को अपर आयुक्त निधि सिंह ने जोन 7व 8 के पांच नंबर, शिवाजी नगर, दुर्गा पेट्रोल पम्प, रविशंकर मार्केट, न्यू मार्केट सहित अन्य क्षेत्रों में सफाई का जायजा लिया। इसी तरह गुणवंत सेवतकर ने जोन क्रमांक 18, 19 व 13 के अमरनाथ रोड, साईंनाथ कॉलोनी, महाबली नगर, बंजारी हिल्स, संजय नगर, दानिश हिल्स में निरीक्षण किया। वहीं पवन सिंह जोन 16, 17 व 12 के अयोध्या बायपास, रायसेन रोड, भंवर नगर के मुख्य मार्ग समेत अन्य क्षेत्रों में निरीक्षण किया। अपर आयुक्त विनीत तिवारी ने जोन 1, 2, 5, 6 व 20 के पीरगेट, लखेरापुरा रोड समेत अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया तो रणबीर कुमार ने जोन क्रमांक 4 व 11 के अंतर्गत नादरा बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन प्लेटफ ार्म क्र. 6, शांति नगर, काजी कैम्प, छोला रोड आदि क्षेत्रों में साफ सफ ाई व्यवस्था का जायजा लिया, जबकि टीना यादव ने जोन 6 व 21 में निरीक्षण किया।

# सडक़ के लिए नहर किनारे काटे 50 पेड़, अब उच्चस्तर से रूकवाया काम

### रहवासियों ने किया था विरोध प्रदर्शन

**भोपाल, देशबन्धु।** ग्राम सलैया स्थित शिवांगन कॉलोनी के पास नहर किनारे निजी जमीन तक पहुंचने बनाई जा रही सडक़ का काम गुरुवार को रुकवा दिया गया है।

दरअसल नर्मदापुरम मार्ग पर ग्राम सलैया में स्थित शिवांगन कॉलोनी के पास नहर किनारे निजी जमीन तक पहुंचने बनाई जा रही सडक़ के लिए करीब 50 पेड़ काटे गए थे। स्थानीय रहवासियों ने नहर किनारे हरियाली खत्म कर सडक़ बनाने के काम का विरोध किया था। इसे लेकर प्रदर्शन भी किया था। हालांकि शुरुआत में इस प्रदर्शन और शिकायत पर ध्यान नहीं दिया गया। यही वजह रही कि सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री नितिन कोहिकर के मौके पर निरीक्षण के बावजूद सडक़ का काम शुरू हो गया था। इस पर रहवासियों ने उच्चस्तर पर शिकायत की तो प्रमुख सचिव को खुद इसमें हस्तक्षेप करना पड़ा, जिसके बाद ये काम रूका। यहां के रहवासी प्रदीप कुमार के अनुसार सड़क के लिए करीब 50 पेड़ों की कटाई की गई है और सिंचाई विभाग की जमीन पर सडक़ का काम भी शुरू किया गया, ऐसे में ये सरकारी जमीन पर निर्माण का मामला है और इसमें सिंचाई विभाग को प्रकरण दर्ज कराना चाहिए। लेकिन सिंचाई विभाग के संबंधित यंत्री मामले में ज्यादा रूचि नहीं ले रहे। हालांकि उच्चस्तर से आदेश के बाद काम जरूर रूकवाया है।

# अब कम्प्यूटरीकृत ही जारी होगी भू-अधिकार पुस्तिका

**भोपाल, देशबन्धु।** किसानों को भू-अधिकार पुस्तिका उपलब्ध कराने के लिए राजस्व विभाग द्वारा दिशा निर्देश जारी किये गये है। जारी निर्देशों के तहत अब नवीन भू-अधिकार पुस्तिका कम्प्यूटरीकृत रूप में ही जारी होगी। पूर्व में जारी भू अधिकार पुस्तिका यथावत् प्रचलन में रहेगी। परन्तु नवीन भू-अधिकार पुस्तिका कम्प्यूटरीकृत रूप में ही जारी होगी। भू-अधिकार पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ हेतु 30 रूपये एवं अतिरिक्त प्रति पृष्ठ 15 रुपये शुल्क निर्धारित है। भू-अधिकार पुस्तिका न्यूनतम दो पृष्ठों की होगी, इस प्रकार दो पृष्ठों की भू-अधिकार पुस्तिका की कीमत 45 रुपये निर्धारित की गई है। अतिरिक पृष्ठ जोड़े जाने पर प्रतिपृष्ठ 15 रुपये देय होगा। भू-अधिकार पुस्तिका शुल्क अदा करने पर भूलेख पोर्टल पर ऑनलाइन, आईटी सेन्टर, लौक सेवा केन्द्र एवं शासन द्वारा प्राधिकृत सेवा प्रदाता से प्राप्त की जा सकेगी।

# पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को दबोचा, ढाई सौ ग्राम चरस बरामद

**भोपाल, देशबन्धु।** क्राइम ब्रांच पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब ढाई सौ ग्राम चरस बरामद की गई है। बताया गया है कि पकड़ा गया आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ कई थानों में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली थी कि मादक पदार्थ तस्कर राजेश शर्मा नयापुरा कोलार में देखा गया है। इस पर थानारस्तर पर अधिकारियों को जानकारी दी गई और आरोपित की तलाश शुरू की गई। क्राइम ब्रांच के एक दल को कोलार के देवबाबा मंदिर के पास भेजा गया, जहां से पुलिस दल ने एक संदेही को हिरासत में लेकर क्राइम ब्रांच थाने लाया गया। पूछताछ करने पर उसकी पहचान नयापुरा कोलार निवासी 53 वर्षीय राजेश शर्मा उर्फ पंडित के रूप में हुई। पूछताछ में उसने बताया कि करीब एक माह माह पहले शाहजहांनाबाद निवासी मोहम्मद ताहिर से 8 सौ ग्राम चरस खरीदी थी। इसका कुछ हिस्सा वह बेच चुका था। बची हुई चरस अपने जींस के दाहिने जेब मे रखी होना बताया। राजेश शर्मा ने अपनी जींस की दाहिनी जेब में से एक काले रंग की पन्नी निकाली, जिसके अंदर खाकी टेप से लिपटा हुआ एक खुला पैकेट था । उसके अदंर काले मटमैले नमीयुक्त एवं गंधयुक्त पदार्थ रखा था। यह पदार्थ चरस था। कुल 250 ग्राम मादक पदार्थ बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया और उसे अदालत में पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया गया है कि राजेश के खिलाफ पूर्व में कई थानों में आपराधिक प्रकरण दर्ज है वहीं उसके कुछ साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरा युवक,मौत

### पत्नी बच्चों को लेकर चली गई थी मायके

**भोपाल, देशबन्धु।** निशातपुरा थाना इलाके में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरने के कारण मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह शराब के नशे में सोने की लिए अपने घर की छत पर गया था। सुबह उसका शव पड़ोस के मकान की छत पर पड़ा देखा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

निशातपुरा थाना पुलिस के अनुसार 30 वर्षीय अजय मीना कृषक नगर इलाके में किराए के मकान में अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता था। वह निजी काम करता था। उसके माता-पिता सहित पूरा परिवार बिलखिरिया इलाके में रहता है। लेकिन सात वर्ष पहले प्रेम विवाह करने के बाद अजय परिवार से अलग होकर कृषक नगर में आकर रहने लगा था। उसे शराब पीने की लत थी। पिछले कुछ माह से वह लोगों से उधार रुपये लेकर शराब पीने लगा था। मंगलवार को उसने पत्नी का मोबाइल फोन गिरवी रख दिया था। उससे मिले रुपयों से भी अजय शराब पी गया था। इस बात को लेकर उसका पत्नी से झगड़ा भी हो गया था। विवाद के बाद पत्नी, बच्चों को लेकर



नवीबाग स्थित अपने मायके चली गई थी। उधर अजय बीती रात में शराब के नशे में मकान की छत पर सोने चला गया था। सुबह 11 बजे लोगों ने उसे पड़ोस के मकान की छत पर मृत अवस्था में पड़े देखा तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। साथ ही मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस का अनुमान है कि नशे की हालत में रात में वह अपने मकान की छत से पड़ोस के मकान की छत पर पर गिर पड़ा होगा। गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खाद्य सामग्री के नमूने लिए गए

**भोपाल, देशबन्धु।** राजस्व, आबकारी तथा खाद्य सुरक्षा प्रशासन के संयुक्त दलों द्वारा अयोध्या बाईपास स्थित वीरा द ढ़ाबा से पनीर, गेहूँ का आटा, मक्के का आटा तथा खाद्य तेल, राजदरबार फैमिली रेस्टोरेंट से पनीर तथा आटा, हमीदिया रोड़ स्थित होटल संगम से पनीर, धनिया पाउडर, हल्दी पाउडर, होटल खजुराहो रीजेंसी से ग्रेवी तथा चावल, तथा बावड़िया कला स्थित 2 स्टेट्स रिसॉर्ट से पनीर तथा धनिया पाउडर के नमूने परीक्षण के लिए गए हैं। नमूनों को विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है। नमूनों के परिणाम प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दोषियों पर विधिक कार्यवाही की जायेगी। । निरीक्षण की कार्यवाही डिप्टी कलेक्टर अजय कुमार शर्मा, पीसी. पाण्डेय और मुनव्वर खान के निर्देशन में आबकारी विभाग तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार दुबे, भोजराज सिंह धाकड़, जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा तथा श्रीमती साधना सक्सेना द्वारा की गई।

सागर, शुक्रवार 13 अक्टूबर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## आशा पारेख का जायज सवाल

वैसे तो कोई अपनी कमाई से कितना अपने पास रखता है और कितना लोगों के बीच बांट देता है, यह पूरी तरह से उसका निजी निर्णय होता है, लेकिन जब कोई ऐसे विशिष्ट उपक्रम करता है जिसका लक्ष्य किसी व्यक्ति या समुदाय विशेष की स्थिति की ओर लोगों का ध्यान आकृष्ट करना हो तो इस तरह की उम्मीद करना नाहक नहीं कहलायेगा, कि इससे हुई कमाई का थोड़ा-बहुत हिस्सा उन लोगों तक पहुंचे, जिसे या जिन्हें केन्द्र में रखकर वह काम किया गया हो और उससे बड़ी आय या आर्थिक लाभ काम करने वाले को मिला हो।

इस बात का सन्दर्भ पिछले वर्ष विवेक अग्निहोत्री द्वारा कश्मीरी पंडितों के पलायन एवं उनकी तकलीफों पर बनाई गई फिल्म 'दी कश्मीर फाइल्स' से जुड़ता है। बुधवार को बीते दिनों की सिने स्टार आशा पारेख द्वारा एक न्यूज़ चैनल' के कार्यक्रम में दिये उस बयान से जुड़ता है, जिसमें उन्होंने पूछा कि 'इस फिल्म से अग्निहोत्री ने इतने पैसे कमा लिये पर उन्होंने कश्मीरी हिन्दुओं पर कितनी राशि खर्च की?' इस फिल्म के बारे में कहा जाता है कि उसकी लागत 15-20 करोड़ रुपये मात्र थी जबकि उसने 400 करोड़ रुपए का लाभ कमाया। दो फिल्मफेयर, पद्मश्री एवं दादासाहेब फालके पुरस्कारों से सम्मानित 81 वर्षीया अदाकारा ने कहा कि उन्होंने फिल्म नहीं देखी है इसलिये वे उसके विवादास्पद पहलुओं पर कुछ नहीं कहेंगी। यह पूछने पर कि क्या ऐसी फिल्में बननी चाहिये, उन्होंने कहा कि अगर लोग देखना चाहते हैं तो बनती रहें। निर्माताओं का हिस्सा 200 करोड़ रुपये का अनुमान लगाते हुए उन्होंने सवाल किया कि जम्मू-कश्मीर में हिन्दू बगैर बिजली-पानी के रह रहे हैं पर क्या निर्देशक ने अपने लाभ से कुछ उनकी मदद की?

यह फिल्म उसी समय विवाद में आ गई थी, जब माना गया था कि इसके निर्माण का उद्देश्य कश्मीरी पंडितों के खिलाफ आतंकवादियों का उत्पीड़न दिखलाते हुए हिन्दुओं की भावनाओं को भड़काना है जिससे भारतीय जनता पार्टी के साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का एजेंडा सधता हो। इसमें फिल्म को आंशिक सफलता भी मिली थी लेकिन लोगों को यह खेल समझ में आ चुका है क्योंकि इस फिल्म का स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रचार करते नज़र आये थे। उन्होंने इस फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग कराई और मंत्रियों व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर इसे देखा था। इतना ही नहीं, उन्होंने लोगों से इसे देखने की अपील भी की थी। इसके बाद आई 'दी केरला स्टोरी' का भी राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास भाजपा ने कर्नाटक के विधानसभा चुनाव के पहले किया था। छोटे पर्दे के सीरियलों से अपना निर्देशकीय कैरियर बनाने वाले अग्निहोत्री को हिन्दुवादी राजनैतिक सोच वाला व्यक्ति माना जाता है जिनकी फिल्मों का उद्देश्य अब भाजपा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिये फिल्में बनाकर जन समर्थन हासिल जुटाना रह गया है। इस फिल्म को 'नरगिस दत्त राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया था। यानी माना गया कि इस फिल्म से भारत की एकता मजबूत होती है। वास्तविकता तो यह है कि इसका उद्देश्य लोगों को जोड़ना नहीं वरन बांटना है। अग्निहोत्री की हाल ही में आई एक और मूवी 'दी वैक्सीन वॉर' कोरोना के दौरान भारत की कोविड निरोधी टीके बनने की कहानी है जिसमें यह बतलाने की कोशिश है कि देश आज जो खुली सांसें ले रहा है वह इन्हीं वैक्सीनों के कारण है और फिल्म में अप्रत्यक्ष रूप से इसका पूरा श्रेय नरेन्द्र मोदी की कार्यप्रणाली व दृष्टिकोण को दिया गया है।

अग्निहोत्री किस तरह से इन भावनाओं के दोहन द्वारा आर्थिक लाभ कमाते हैं, उसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके बारे में एक अखबार ने प्रकाशित किया कि 'दी कश्मीर फाइल्स' के माध्यम से विवेक एवं निर्माता के रूप में उनकी अभिनेत्री पत्नी पल्लवी जोशी ने मुंबई के वर्सोवा में करीब 20 करोड़ रुपये का एक लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा है। कुछ समय बाद उनके अपनी पत्नी के साथ बैंकॉक की खर्चीली यात्रा की तस्वीरों ने भी सनसनी फैलाई थी। लोगों ने तंज कसा था कि देश में हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा लगाकर ये लोग विदेश में मौज-मस्ती कर रहे हैं। पल्लवी ने ही फिल्म 'दी कश्मीर फाइल्स' में नायिका की भूमिका निभाई थी। महंगे घर खरीदने या विदेशों की सैर करने पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है और न होनी चाहिये। ऐसा वे सारे करते हैं जो इस तरह से पैसे कमाते हैं, लेकिन आशा पारेख का सवाल अपनी जगह पर खड़ा है और इसलिये जायज है कि वे ऐसी फिल्में बनाने वाले की मंशा और प्रयोजन पर सवालिया निशान लगाती हैं। इस फिल्म को देखकर लोगों का कश्मीरी आतंकवादियों के बहाने मुस्लिमों के खिलाफ रोष बढ़ा था जो भाजपा के वोट बैंक को बढ़ाता है।

आशा पारेख अत्यंत सम्मानित अभिनेत्री रही हैं जिनका बहुत सफल फिल्मी कैरियर रहा है और वे विवादों से हमेशा परे रही हैं। वे निर्विवाद रूप से हर मायने में एक सफल अदाकारा रही हैं जिन्हें जीवन में सब कुछ मिल चुका है जिन्हें कुछ और पाना नहीं बचता। इसलिये उन पर यह आरोप नहीं लग सकता कि उन्होंने कुछ पाने के लिये ऐसा बयान दिया है या यह कोई उनका पब्लिसिटी स्टंट है। उन्हें अब अपना कोई प्रचार नहीं करना है क्योंकि शोहरत की बुलन्दियों को वे काफी पहले छूकर उतर चुकी हैं। इसलिये विवेक अग्निहोत्री को उनकी बात का जवाब देना चाहिये। इस देश ने डेन्नी बॉयल को भी देखा है जिन्होंने मुंबई की झोपड़पट्टियों में रहने वालों के जीवन पर बनी अपनी मूवी 'स्लमडॉग मिलेनियर' को मिले आस्कर पुरस्कार की राशि का एक हिस्सा बाल कलाकारों को दिया था।

# विधानसभा चुनावों के बीच 'एक देश एक चुनाव' का शोर

देश के पांच राज्यों में चुनाव निर्धारित हो चुके हैं। तारीखें भी घोषित हो चुकी हैं। अब फर्ज़ कीजिये कि इन राज्यों के मतदाताओं को यदि देश के लिए भी मतदान (अगर कुछ राज्य में होते भी हैं) करना पड़े तो क्या यह उन पर किसी तरह का अतिरिक्त बोझ होगा या यह बिल्कुल सहज होगा? देश, प्रदेश और फिर स्थानीय मुद्दे क्या गड्डमड्ड नहीं होंगे? या यह ठीक होगा कि देश के मुद्दों को ध्यान में रखते हुए मतदाता अपने विधायक और पार्षद को भी चुन लें या फिर स्थानीय मुद्दों के हिसाब से देश के लिए अपने सांसद चुन लें? तीन तरह के प्रत्याशी एक साथ उनके दरवाज़ों पर आएंगे। यूं सभी आते भी कहां हैं फिर भी क्या यह हालात कोई दुविधा पैदा नहीं करेंगे? गर दलों की संख्या दो से ज़्यादा हुई तब तो निर्दलियों के साथ मतदाताओं का चकरघिन्नी होना तय है। हाल ही में राजस्थान चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने जो अपने फैसले पर दोबारा विचार न किया होता तो उसका चकरघिन्नी होना तय ही था। तारीख़ बदलने का पूरे राजस्थान में स्वागत हो रहा है। पहले आयोग ने राजस्थान में चुनाव की तारीख़ 23 नवंबर घोषित की थी। यह तिथि बदलनी पड़ी क्योंकि उस दिन देवउठनी एकादशी है। राज्य भर में हज़ारों शादियां इस दिन होती हैं। इसे 'अबूझ सावा' माना जाता है यानि ब्याह शादी के लिए सबसे शुभ मुहूर्त है जिसमें पंडित से पूछने की भी कोई ज़रूरत नहीं। ब्याव और चुनाव के इस टकराव में ब्याव जीते। अब विधानसभा चुनाव की नई तारीख़ 25 नवंबर है।

कहने का आशय यह है कि जब मतदाता की सहजता और सुविधा को यहां तवज्जो दी जा रही है तो फिर उसे एक साथ तीन-तीन चुनावों की दुविधा में क्यों डाला जा रहा है। 'एक देश एक चुनाव' का यही तो मकसद है कि लोकसभा, विधानसभा और नगर निकायों के चुनाव एक साथ करा लिए जाएं, संविधान में चार-पांच संशोधन कर दिए जाएं, कुछ विधानसभाएं भंग कर दी जाएं, कुछ के समय से पहले ही चुनाव करा लिए जाएं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश एक चुनाव' के लिए गठित समिति में आठ सदस्य हैं और समिति ने कह दिया है कि राज्यों से पूछने की कोई आवश्यकता नहीं है और इसे प्रस्तावित परिसीमन के बाद 2029 में लागू किया जा सकता है। कहा जा सकता है कि परिसीमन के बाद नई सीटें बनाकर महिला आरक्षण को और फिर देश को एक चुनावी मोड में डाला जा सकता है। 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' का तो तहेदिल से स्वागत हुआ लेकिन क्या जनता एक ही बार में चुनाव के लिए तैयार है?

वोटर हर चुनाव में अलग तरीके से सोचता है। देश, प्रदेश और नगर निकायों में प्राथमिकताएं अलग होती हैं। मुद्दे भी अल्हदा होते हैं। नगर निकाय के ज़रिये वह मोहल्ले में अच्छे पार्क और साफ़-सफाई की अपेक्षा करता है तो प्रदेश में उसे बिजली, सड़क, पानी, अच्छे स्कूल और उम्दा स्वास्थ्य केंद्रों की अपेक्षा होती है। देश में शायद उसे आंतरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता का मुद्दा प्रभावित करता हो। जब सबकी भूमिकाएं अलग-अलग हैं तब सब एक साथ क्यों? एक ही समय में मतदाता पर इतना बोझ लादने की क्या ज़रूरत है? उसे कंफ्यूज क्यों करना है? ये कैसे ठीक होगा कि एक ही दिन में वह तीन अलग-अलग ठप्पे लगा आए और जो ऐसा नहीं होगा तो फिर



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

**वोटर हर चुनाव में अलग तरीके से सोचता है। देश, प्रदेश और नगर निकायों में प्राथमिकताएं अलग होती हैं। मुद्दे भी अल्हदा होते हैं। नगर निकाय के ज़रिये वह मोहल्ले में अच्छे पार्क और साफ़-सफाई की अपेक्षा करता है तो प्रदेश में उसे बिजली, सड़क, पानी, अच्छे स्कूल और उम्दा स्वास्थ्य केंद्रों की अपेक्षा होती है। देश में शायद उसे आंतरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता का मुद्दा प्रभावित करता हो।**

सारी कवायद का क्या फायदा? खर्च बचाने का तर्क फिर कैसे काम करेगा?

इसमें जनता का फायदा तो उतना नहीं है लेकिन नेताओं का बेशक है जिन्हें बार-बार चुनावों में दौरे करने पड़ते हैं। अगली बार वे चाहते हैं कि एक ही बार निकलें और सारे काम हो जाएं। ठीक वैसे ही जैसे फसल अच्छी होने पर अक्षय तृतीया का मुहूर्त देखकर किसान अपने सारे बच्चों की शादी एक साथ कर देता है; फिर चाहे बच्चों की उम्र शादी लायक हो या न हुई हो। एक ही बार बिरादरी को भोजन कराना पड़ेगा, बच्चों की उम्र, मर्ज़ी आदि कोई मायने नहीं रखती। केंद्र की सरकार भी यही करने जा रही है। कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश एक चुनाव' के लिए आठ सदस्यीय समिति का गठन कर दिया गया है। समिति में गृहमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आज़ाद, वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह तथा वकील हरीश साल्वे शामिल हैं। चौधरी एक महीने पहले ही इसमें शामिल होने से इंकार कर चुके हैं। उनका कहना था कि समिति का निर्णय मंथन से पहले ही तय कर दिया गया है इसलिए इसका कोई औचित्य नहीं रह गया है। गौरतलब है कि लॉ कमीशन ने अपनी रिपोर्ट लोकसभा और विधानसभा के एक साथ चुनाव को लेकर सौंपी थी लेकिन समिति ने निकाय चुनावों को भी शामिल कर लिया है।

सबसे पहले 1983 में चुनाव आयोग ने 'एक देश एक चुनाव' पर अपनी औपचारिक रिपोर्ट दी थी। आयोग का कहना था कि लोकसभा और राज्यों के चुनाव एक साथ कराने से खर्च की बचत होगी और देश बार-बार चुनाव कराने के भार से भी मुक्त होगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी इस विचार के मुखर समर्थक थे। उन्होंने 1999 में चुनकर आने के बाद 'एक देश एक चुनाव' के विचार को दोहराया। फिर 2017 में नीति आयोग ने चुनाव से जुड़े टाइम टेबल को व्यवहारिक जामा पहनाया। बाद में लॉ कमीशन ने भी इस पर अपना मसौदा पेश किया। जनवरी, 2018 में जब कोविंद राष्ट्रपति थे तब उन्होंने अपने भाषण में 'एक देश एक चुनाव' का ज़िक्र भाजपा सरकार के बड़े सुधार के रूप में किया था और अब वे ही इस समिति के अध्यक्ष भी हैं। सरकार इसे लागू करने के लिए लगभग तैयार भी मालूम हो रही है। वैसे कहा जाता है कि औसतन हर तीन महीने में देश में कहीं न कहीं चुनाव होते हैं। ऐसा तब भी होगा जब कोई सरकार अल्पमत में आएगी, किसी सदस्य का देहांत होगा या किसी सरकार को केंद्र ही बर्खास्त न कर दे। 1967 तक देश में एक साथ ही चुनाव होते थे। फिर केरल की सरकार को बर्खास्त किये जाने के बाद यह सिलसिला टूटा और उसके बाद तो देश ने कई भंग सरकारें, मध्यावधि चुनाव और उपचुनाव देखे। यदि केंद्र के पास राज्यों की चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त करने की शक्ति (अनुच्छेद 356) बनी रहेगी तब 'एक देश एक चुनाव' के कोई मायने नहीं है।

फ़िलहाल सरकार को राज्यों की सहमति भी अब ज़रूरी नहीं मालूम हो रही। ऊपर से लिए गए फैसले के साथ यह व्यवस्था राज्यों की स्वतंत्रता को कितना बरक़रार रख पाएगी और भविष्य में यह किस रूप में सामने होगी, इस पर गहन विचार के बाद ही इसे लागू किया जाना चाहिए। राज्यों, शहरों और गांवों की अपनी आज़ादी ही देश के मज़बूत लोकतंत्र की बुनियाद है जिसका हनन नहीं होना चाहिए। अभी पांच राज्यों में चुनाव होने हैं और भारतीय जनता पार्टी का सशक्त चेहरा कोई है तो देश के प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी हैं। राज्यों के चुनाव में भी पार्टी ने उन्हें ही आगे रखा है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ऋषिकेश में शांति तलाश रहे थे, राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया को ड्राइविंग सीट से हटाकर पिछली सीट पर डाल दिया गया है और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन कुमार कुछ-कुछ लौटे हैं और कुछ शांत बने हुए हैं। वोट प्रधानमंत्री के चेहरे पर ही मांगे जा रहे हैं। चुनाव अलग-अलग भी हों अगर जो चेहरा एक ही शख़्सियत का रहना है तो फिर एक देश एक चुनाव की भी क्या ज़रूरत है? ख़ैर, यह मज़ाक की बात नहीं है। इसे लागू करने से पहले इस पहलू पर गहरा विचार होना चाहिए कि एक चुनाव देश की संघीय व्यवस्था को कितनी मज़बूती देगा। एक व्यक्ति और एक मुद्दे की लहर किसी भी बड़ी पार्टी को बेलगाम ताकत दे सकती है। क्षेत्रीय पार्टियों और निर्दलियों का सूपड़ा साफ़ होने की आशंका हमेशा रहेगी। पब्लिक पॉलिसी से जुड़े मुद्दों के एक अध्ययन के मुताबिक देखा गया है कि अगर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते हैं तो 77 फ़ीसदी मतदाता दोनों जगह एक ही पार्टी को मत देते हैं और जो दोनों चुनावों में छह महीने का अंतर है तो एक ही पार्टी को वोट देने की सम्भावना 77 की बजाय 61 प्रतिशत रह जाती है। ज़ाहिर है कि इस सोच की गंगा में कौन सा दल डुबकी नहीं लगाना चाहेगा?

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)

## हमास-इजरायल युद्ध और भारतीय विदेश नीति की बारीकियां

■ अंजन रॉय

यह अप्रत्याशित नहीं है कि इज़रायल-हमास युद्ध ने भारत में दो मुख्य राजनीतिक दलों के बीच शब्दों और विचारों की लड़ाई शुरू कर दी है।

हमास के हमले को आतंकवादी कृत्य बताने और इजरायल को पूरा समर्थन देने के प्रधानमंत्री के बयान पर कांग्रेस की आलोचनाएं आमने-सामने आ गईं। अपने बयानों में, भारत की सबसे पुरानी पार्टी ने मध्य पूर्व संकट पर पारंपरिक भारतीय रुख को याद किया है और परोक्ष रूप से सरकार के दृष्टिकोण की आलोचना की है।

प्रधानमंत्री मोदी के बयान और कांग्रेस की आलोचनाओं को वास्तव में इज़रायल राज्य के निर्माण और अरब-इजरायल संघर्ष के बाद के इतिहास को समझे बिना भारतीय विदेश नीति की बारीकियों को समझा नहीं जा सकता।

प्रथम विश्व युद्ध के बाद 1920 के दशक में ब्रिटिश प्रधानमंत्री आर्थरजेम्सबालफोर द्वारा जारी एक प्रस्ताव द्वारा इज़रायल राज्य के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई थी। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, यूरोप में यहूदियों के नरसंहार और यातना और हत्याओं के अनुभव के साथ, यहूदियों के लिए एक नया गृह राज्य बनाने के लिए यरूशलेम के चारों ओर भूमि के एक टुकड़े को यहूदियों का राज्य बनाने का निर्णय किया गया।

**यहूदियों पर अत्याचार और यहूदियों से जुड़ा कलंक यूरोपीय इतिहास में एक सतत प्रवृत्ति थी। यहूदी विरोध सर्वव्यापी था और यूरोप में ईसाइयों द्वारा यहूदियों से सचमुच नफरत की जाती थी। यहूदियों पर अत्याचार किया गया और अकसर उन्हें जिंदा जला देने की घटनाएं होती थीं।**

द्वितीय विश्व युद्ध के तुरंत बाद अमेरिकी राष्ट्रपति हैरी एस. ट्रूमैन द्वारा इज़रायल के पहले प्रधानमंत्री बेनगुरियन के साथ एक समझौते के साथ फिलिस्तीन के आसपास की भूमि पर1948 में नया राज्य बनाया गया था। तब से, मुस्लिम मध्य पूर्व को लगा कि यह उस भूमि के स्थानीय लोगों को उखाड़कर बनाया गया राज्य है और उन्होंने इसे मिटा देने की प्रतिज्ञा की।

दरअसल, यह एक हजार साल पुराना युद्ध और संघर्ष है। एक हजार साल पहले जब इजराइलिया यहूदी पूरी दुनिया में, खासकर यूरोप में फैल गये थे, तब इजराइलियों को मिस्र और फिलिस्तीनी भूमि से बाहर निकाल दिया गया था।

हालांकि, यहूदियों पर अत्याचार और यहूदियों से जुड़ा कलंक यूरोपीय इतिहास में एक सतत प्रवृत्ति थी। यहूदी विरोध सर्वव्यापी था और यूरोप में ईसाइयों द्वारा यहूदियों से सचमुच नफरत की जाती थी। यहूदियों पर अत्याचार किया गया और अकसर उन्हें जिंदा जला देने की घटनाएं होती थीं।

यहां तक कि प्रबुद्ध उदारवादी यूरोपीय बुद्धिजीवी भी तीव्र यहूदी-विरोध से ऊपर नहीं थे, सबसे जोरदार और अक्सर देखा जाने वाला शेक्सपियर का प्रसिद्ध नाटक, मर्चेंट ऑफ वेनिस है। नाटक में, शाइलॉक यहूदी व्यापारी एक ऋण चूककर्ता से एक पाउंड मांस मांगता है।

मानो अपराध की भावना से, यूरोपीय लोगों को लगा कि यह नया राज्य उनके सहस्राब्दी पापों से मुक्ति का अवसर प्रदान करता है। शायद, यह विभिन्न यूरोपीय देशों में अशकेनाज़ी यहूदियों से एक अच्छा छुटकारा भी था। यूरोपीय लोग ऐसे समाधान के लिए बाध्य हो सकते थे क्योंकि वे उस समय शक्तिशाली थे। हालांकि, मध्य पूर्व के देश यह स्वीकार नहीं कर सके कि यूरोपीय समाधान और समस्याएं नये राज्य की स्थापना के साथ ही शुरू हो गईं। युद्ध और टकराव इस क्षेत्र में स्थानिक हो गये। आज भी, ईरानी यहूदी राज्य के सबसे कट्टर और खुलेआम विरोधी हैं तथा यहूदी राज्य को नष्ट करने के समर्थक हैं। हालांकि, अन्य अधिक यथार्थवादी मध्य पूर्व के देशों ने इज़रायल की वास्तविकता को स्वीकार कर लिया है।

चारों ओर अस्वीकृति और शत्रुता की प्रक्रिया में, इज़रायल के यहूदियों ने बहुत तेजी से जीवित रहने की तकनीकें सीख लीं। हमास के इज़रायल पर वर्तमान हमले के पहले, इजरायल ने दुर्जेय सैन्य क्षमता के साथ-साथ एक अत्यधिक परिष्कृत खुफिया नेटवर्क भी विकसित किया था, उसे हमास ने काफी हद तक नष्ट कर दिया।

प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू के नेतृत्व में तैयार की गई स्वतंत्र भारत की विदेश नीति ने वंचितों और उन देशों के हित की वकालत की थी जो औपनिवेशिक प्रभुत्व के अधीन थे। अंग्रेजों से आजादी हासिल करने के बाद यह एक सामान्य प्रतिक्रिया थी।

भारत ने नये राज्य की स्थापना के दो साल के भीतर 17 सितंबर, 1950 को इज़रायल को मान्यता दे दी। पंडित जवाहरलाल नेहरू, जो उस समय प्रधानमंत्री थे, ने कहा कि भारत को इज़रायल को पहले ही मान्यता दे देनी चाहिए थी लेकिन इसमें देरी हुई।

फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन (पीएलओ) का भारतीय नेताओं के साथ सहज सौहार्द्र था, जिसमें इंदिरा गांधी भी शामिल थीं, जिन्होंने तेजतर्रार और प्रसिद्ध पीएलओ नेता यासर अराफात की मेजबानी की थी। बहुत बाद में, जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने भी फिलिस्तीनियों के प्रति अपनी सहानुभूति दिखाई।

2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद ही इज़रायल के साथ भारत के संबंध तेजी से विकसित हुए। घनिष्ठ सुरक्षा और रक्षा संबंधों के साथ संबंध विकसित हुए। इज़राइल, सैन्य हार्डवेयर उत्पादन में अपनी चतुराई के साथ, भारत के लिए रणनीतिक हथियार प्रणालियों और प्रौद्योगिकी का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता बन गया।

भारत को पड़ोस से लगातार आतंकवादी खतरे और चीन से सैन्य खतरों के आलोक में इज़रायल देश के हार्डवेयर और खुफिया प्रणालियों का एक प्रमुख स्रोत बन गया था। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कट्टर हितों ने बाहरी नीति रुख के पुन:अभिविन्यास को बढ़ावा दिया है।

हमास हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी के बयान, जिसमें हमास के भयानक आतंकवादी हमले के बाद इज़रायल के प्रति समर्थन और सहानुभूति व्यक्त किया गया था, में ऐसी आतंकवादी कार्रवाई के मामले में भारत की चिंता छिपी है। मुंबई में हुआ आतंकवादी हमला, जिसे अब 26/11 के नाम से जाना जाता है, और 2001 में संसद पर हमला भी, इस बात की याद दिलाते हैं कि भारत के साथ पहले क्या हुआ था। खुले समाज में आतंकी हमले का यह एकमात्र उदाहरण नहीं था।

पहले के दौर में खालिस्तानी आतंकवादियों के जघन्य अपराध और इसके खिलाफ बदले की भावना से होने वाली हत्याओं का अचानक भड़कना भी इस बात को रेखांकित करता है कि आतंकवाद एक स्थिर समाज और राजनीति के लिए क्या नुकसान कर सकता है। पश्चिमी सहानुभूति के चारों ओर दोहरापन है- घर पर आतंकवादी हमला अत्यधिक निंदनीय है और लोकतंत्र और उदारवाद के नाम पर प्रायश्चित किया जाता है। जब 2023 के आखिरी नौ महीनों में गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों की हत्याएं हुईं तो पश्चिमी देशों ने इजरायल के खिलाफ कुछ नहीं कहा। यदि संयुक्त राष्ट्र सहित वैश्विक शक्तियां प्रभावी ढंग से हस्तक्षेप नहीं करती हैं तो हमास-इजरायल युद्ध के पवित्र युद्ध में बदलने की पूरी संभावना है। भारत के लिए भी आतंकवाद के विरुद्ध सतत सतर्कता अनिवार्य हो गई है।

### पावन प्रसंग

## सबके लिए खुला है सुख का द्वार : भगवान महावीर

बाल्यावस्था में ही भगवान महावीर में वैराग्य की भावना प्रबल होने लगी थी और उनका मन साधना में लीन होना चाहता था। इसीलिए उनका अधिकांश समय चिंतन और मनन में ही व्यतीत होता था। कुमार अवस्था को पार कर युवावस्था में प्रवेश करने पर भी उनका मन सांसारिक सुखों की ओर आकृष्ट नहीं हुआ। संसार के प्राणियों को दुखी देखकर उनका मन व्याकुल रहता था और वे संसार के दुखों के कारणों को दूर करने का उपाय खोजने के प्रयत्नों में लगे रहते थे। इसी उद्देश्य से उन्होंने गृह त्याग कर साधु जीवन व्यतीत करने का निश्चय कर लिया। उनको राजसी सुखों का, माता-पिता का मोह भी उनको उनके मार्ग से विचलित न कर सके।

मात्र तीस वर्ष की आयु में वे गृह त्याग कर, साधु जीवन व्यतीत करने लगे। वे इसी चिंता में लगे रहते कि संसार के दुखों का कारण क्या है? वे दुखी क्यों हैं? शाश्वत सुख कैसे प्राप्त किया जा सकता है। वे 12 वर्षों तक घोर तपस्या करते रहे। अंतत: बयालीस वर्ष की अवस्था में उन्हें संपूर्ण ज्ञान प्राप्त हुआ। उन्हें अतीन्द्रिय, अनन्त आत्मिक व परम आनंद की प्राप्ति हुई। तत्पश्चात वे तीस वर्ष तक लोगों को उनके दुख का कारण, दुख से मुक्ति के उपाय व शाश्वत सुख, अनन्त सुख का मार्ग बताते रहे। पूर्ण ज्ञान प्राप्त होने पर भगवान महावीर ने कहा- मनुष्य के दुखों का मूल कारण अज्ञान भी है। अत: मनुष्यों को अज्ञान से मुक्त होने का उपाय करना चाहिए। चिंतन-मनन, तप-त्याग व निरंतर ध्यान करने का अभ्यास करते रहना चाहिए। पूर्ण ज्ञान प्राप्त होने पर ही जीव को पूर्ण शाश्वत सुख की प्राप्ति होती है। पूर्ण ज्ञान की अवस्था ही मुक्ति की अवस्था है।

मुक्ति की अवस्था में ही आत्मा अनंत काल तक अतीन्द्रिय आनंद की अमुभूति करती रहती है। यह मुक्ति का द्वार प्रत्येक जीव के लिए समान रूप से सभी के लिए खुला है। तप, ध्यान के अभ्यास से कोई भी जीव सच्चे सुख की प्राप्ति कर सकता है। जीव की आंतरिक पवित्रता, संयम, अहिंसा, तप आदि ही साधन हैं। महावीर जी का स्पष्ट मत था कि मनुष्य की उच्चता व निम्नता उसके कर्मों से होती है उनके जन्म व वंश से नहीं। सिर मुंड़ा लेने से कोई श्रमण (संन्यासी) नहीं बन जाता, केवल ओंकार का जप करने से कोई ब्राह्मण नहीं बन जाता, निर्जन वन में रहने मात्र से मुनि नहीं बन जाता और केवल वल्कल वस्त्र धारण कर लेने से कोई तपस्वी नहीं बन जाता। इसके विपरीत समता पालने से श्रमण (संन्यासी), ब्रह्मचर्य का पालन करने से ब्राह्मण, चिंतन-मनन, ज्ञान से मुनि तथा तपस्या करने से तपस्वी होता है।

भगवान महावीर ने कहा केवल मेरे कहने से ही इसे सत्य नहीं समझो कि मैंने इसे कहा है, बल्कि अपने स्वयं के चिंतन-मनन व अनुभव से सत्य को जानो, तभी सत्य को समझो अस्तु हममें से कोई जिन्हें पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने की सच्ची उत्कंठा है, दुखों से मुक्ति पाने की सच्ची लगन है, व अनंत सुख, शाश्वत सुख प्राप्त करने की अभिलाषा है, वे महावीर के अनुसार स्वयं तपस्या में प्रवत्त होकर ही इसे अनुभव कर सकते हैं। सबके लिए खुला है यह सुख का द्वार।

**अखंड ज्योति**

### आपके पत्र

## सिसकती, कराहती मानवता, युद्ध और हिंसा की शिकार महिलाएं और बच्चे ही क्यों?

पूरा विश्व जहां महिला सशक्तिकरण और बच्चों को कुपोषित होने के लिए मुहिम चला रहा है वहीं दूसरी तरफ युद्ध और हिंसा मानवता के चिथड़े उड़ा रहा है। ताजा-ताजा हमास और इजरायली युद्ध में बच्चों और महिलाओं पर अत्याचार देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। इसी तरह यूक्रेन-रूस युद्ध में सर्वाधिक नुकसान बच्चों और महिलाओं की मौत से ही हुआ है। युद्ध और हिंसा से चाहे पिता, भाई या पुत्र की मृत्यु हो परिणाम स्त्रियों को ही भुगतना पड़ता है। घरों के टूटने और नष्ट होने पर भी स्त्रियों बच्चों पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है। स्त्रियां, बच्चे बेघर होकर अनाथ हो जाते हैं। हर तरफ त्राहिमाम मच जाता है। इजरायल हमास युद्ध में हजारों स्त्रियां और बच्चे मौत से साक्षात्कार कर रहे हैं, मानवता सिसक रही है, मौत का तांडव अपना परचम लहरा रहा है।

पूरे विश्व समेत देश के कोने-कोने से महिलाओं को अपमानित करने की घटनाएं रोज हो रही हैं क्या हमारे नैतिक मूल्य और आस्थाएं अब पूर्ण रूप से स्खलित हो चुकी है। नैतिक मूल्यों का क्षरण अचानक तेज होता जा रहा है। धन तथा पद और साम्राज्यवाद की लोलुपता ने सारी हदें पार कर दी हैं। समाज पुरुष प्रधान होने का यह मतलब कतई नहीं होना चाहिए कि स्त्री और बच्चे ही हर ज्यादती और अत्याचार के शिकार होते रहें।

प्राचीन काल से अब तक स्त्री ही पुरुष तथा समाज के दमन का केंद्र रही है। शिक्षा तथा आर्थिक स्थिति के विकास के बाद भी स्त्रियों की दयनीय स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है। देश की आबादी की 45फीसदी आबादी महिलाओं की है पर अभी तक स्त्रियों की स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन परिलक्षित नहीं हुआ है, यह एक चिंतनीय सामाजिक समस्या हमारे सामने ज्वलंत खड़ी है।

भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया, यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग-बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया है। वहीं सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी हैं। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन ही हुआ है और इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है। पुरुष समाज की मानसिकता है की पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं उन्हें वर्तमान में पीएससी और यूपीएससी की रिजल्ट लिस्ट देखनी चाहिए इसमें बालिकाओं ने बहुत अच्छे अंकों से परीक्षा पास कर समाज में उनकी अहम भूमिका को सार्थक किया है।

संजीव ठाकुर

शिवराज के खिलाफ हुए ट्वीट पर कमलनाथ ने कहा

# 'कांग्रेस का हाथ नहीं, आप दीर्घायु हों'





**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को लेकर 'मामा का श्राद्ध' वाली कथित पोस्ट पर मचे बबाल के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि इसमें कांग्रेस का हाथ नहीं है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने ट्वीट किया कि 'प्रिय शिवराज जी, ईश्वर आपको दीर्घायु दे।' मेरी समझ में यह नहीं आता कि आपको हर चीज के पीछे कांग्रेस पार्टी ही क्यों नजर आती है? कांग्रेस पार्टी की ओर से वैसा कोई भी ट्वीट नहीं किया गया है, जैसा कि आप जिक्र कर रहे हैं। अगर आपको वाकई लगता है कि आपके खिलाफ किसी ने ट्वीट किया है तो आप उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कीजिए। उन्होंने अरोप भरे लहजे में लिखा कि सहानुभूति हासिल करने के लिए झूठा दुष्प्रचार करना नैतिकता नहीं है। श्राद्ध पक्ष में आपको टिकट आपकी पार्टी ने दिया है, कांग्रेस पार्टी ने नहीं दिया है। आप बखूबी जानते हैं कि आपके व्यक्तिगत दुश्मन आपकी पार्टी में बैठे हैं और आपका अहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे।

उल्लेखनीय है कि श्राद्ध पक्ष में भाजपा प्रत्याशियों की चौथी सूची जारी की गई, जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज को भी उनकी परम्परागत सीट बुधनी विधानसभा से टिकट दिया गया। इसके बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हुई। जिसमें लिखा था कि 'मामा का श्राद्ध' और नीचे लिखा 'श्राद्ध में बीजेपी ने दिया मामा शिवराज को टिकट'। ये पोस्ट वायरल होने के बाद भाजपा ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज की, वहीं शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय चौहान ने ट्विटर पर एक भावुक पोस्ट लिखते हुए कहा 'आप पर दया करूं या गुस्सा? आखिर मेरे जीवित पिता के श्राद्ध की बात आप कर रहे हैं। मुझे तरस आ रहा है।'

### शिवराज के साथ करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद



इधर ज्योतिरादित्य सिंधिया भी स्वयं को इस मुद्दे से अछूता नहीं रख पाए उन्होंने ट्वीट कर कहा कि इस मुद्दे पर कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि श्राद्ध मनाना है तो अपने सिद्धांतों को मनाइए, क्योंकि मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ करोड़ों माताओं और बहनों का आशीर्वाद है। उन्होंने लिखा कि 'राज्य चुनाव में अपनी आती हुई हार देखकर कांग्रेस पार्टी बौखलाने लगी है।

गृहमंत्री ने जातिगत जनगणना को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना, बोले

# कांग्रेस 'लास्ट' में 'फास्ट' होने के चक्कर में कर रही 'कास्ट' की बात



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा नेता एवं गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने जातिगत जनगणना को लेकर कांगेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस ''लास्ट'' में ''फास्ट'' होने के चक्कर में ''कास्ट'' की बात कर रही है, लेकिन उनकी मानसिकता इस चुनाव में ब्लास्ट होगी। उन्होंने आज मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि राहुल गांधी इन दिनों जहां भी जा रहे हैं, जातिगत जनगणना की बात कर रहे हैं। आश्चर्य की बात है कि राहुल गांधी को खुद अपनी जाति का पता नहीं है। कमलनाथ अपनी जाति नहीं बता पाते, लेकिन कांग्रेस के ऐसे ही नेता पिछड़ों की बात कर रहे हैं। डा. मिश्र ने कहा असल वजह यह है कि कांग्रेस के पास जनता को बताने के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा दो तिहाई से अधिक सीटें जीतकर सरकार बनाने जा रही है।

### दो तिहाई से अधिक सीटें जीतकर बनाएंगे सरकार

डॉ. मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ हिंदुओं में ही जातिगत जनगणना की बात कर रही है। किसी और धर्म के बारे में यह बात नहीं करती। इसी से साफ हो जाता है कि कांग्रेस के लोग सिर्फ हिंदुओं में जातिगत विभाजन पैदा करना चाहते हैं।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के लोग भाजपा की सूचियों पर सवाल उठाते हैं, लेकिन ये वो लोग हैं, जिन्होंने खुद कुछ नहीं किया। अभी तक कोई सूची जारी नहीं की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता यह बात अच्छी तरह से जानते हैं कि जिस दिन भी उम्मीदवारों की सूची जारी होगी, कांग्रेस पार्टी में बगावत होगी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बारे में कोई भी टिप्पणी करने से पहले कमलनाथ जी को यह देखना चाहिए कि जितने महीने वो मुख्यमंत्री नहीं रहे, उससे ज्यादा सालों से श्री चौहान मुख्यमंत्री हैं।

### राहुल जब पिछड़ों की बात कर रहे थे तब सिंह एसोसिएट मंच पर कतार लगाए बैठी थीं

गृहमंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस या उसके नेता वास्तव में पिछड़ों के शुभचिंतक नहीं हैं। कल राहुल गांधी जिस सभा में पिछड़ों की बातें कर रहे थे, उनके मंच पर किन का कब्जा था? दिग्विजय सिंह, गोविंद सिंह, अजय सिंह, राजेन्द्र सिंह और पूरी सिंह एसोसिएट मंच पर कतार लगाकर बैठी हुई थी।

### कांग्रेस के पास बताने के लिए कुछ नहीं

डॉ. मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस झूठ बोल-बोल कर पूरे देश में बेनकाब हो चुकी है। पिछले चुनाव के जो मुद्दे थे, उनकी बात कर नहीं सकते। कर्जमाफी की बात कर नहीं सकते, बेरोजगारी भत्ता दिया नहीं। बेटियों की शादी पर 51 हजार रुपये देने की बात की थी, लेकिन वो भी नहीं दिया। पेट्रोल-डीजल के दाम कम करने की बात कही थी, लेकिन और बढ़ा दिए। इसलिए इस बार के चुनाव में ये इनमें से किसी भी मुद्दे पर बात नहीं कर सकते। ऐसे में इस बार ये सिर्फ जातिगत विभाजन की बात कर रहे हैं।

कांग्रेस ने लगाए आरोप

# आदिवासियों के हक को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने की हो रही कोशिश



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने आज भ्रष्टाचार का एक और मामला उठाया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने राज्य सरकार की चरण पादुका योजना घोटाले का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत जूते-चप्पल पानी बोतल, छाता और साड़ी सभी वस्तुओं की खरीद में करोड़ों रुपयों का घोटाले की बू आ रही है। श्री शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार के वन विभाग ने आदिवासियों के हक को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने की कोशिश की।

प्रदेश के वन मंत्री विजय शाह व राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध निदेशक की फाईलों की टिप्पणियों से यह उजागर होता है कि एक कंपनी का छाता जो बाजार में 140 रुपये में बेचा जा रहा है, उसके लिए 246 रुपये खरीद भाव तय किया था, लेकिन विरोध शुरू होने के बाद भी उसकी कीमत घटाकर 2 सौ रुपये प्रति छाते की दर से तय की गई। यह अलग बात है कि मामला प्रकाश में आते ही सरकार ने छाते की बजाए इसके लिए 200 रुपए के मान से राशि हितग्राहियों के खाते में डाल दी। उन्होंने कहा कि बावजूद इसके वन मंत्री और सरकार में बैठे लोग अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते। इस दौरान श्री शर्मा ने पूर्व में भाजपा सरकार में हुए अन्य भ्रष्टाचारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाते हुए आदिवासियों के साथ हुई घटनाओं का उल्लेख भी किया। ज्ञात हो कि एक प्रमुख दैनिक समाचार पत्र में यह मामला प्रकाशित हुआ है, जिसके बाद कांग्रेस ने भी इस मामले को लेकर प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की। हालांकि वन मंत्री इस मामले में किसी भी अनियमितता से इंकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि मैंने कोई नोटशीट नहीं लिखी।

# दस्तावेजीकरण विभाग के जिला संयोजकों की घोषणा

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा की सहमति से दस्तावेजीकरण विभाग के प्रदेश संयोजक मनोज सिंह यादव ने जिला संयोजकों की घोषणा की है।

दस्तावेजीकरण विभाग के जिला संयोजकों में नीरज शुक्ला मुरैना, गुरूदेव नरवरिया भिण्ड, ठाकुर दास खेमरिया दतिया, गजेन्द्र पवैया ग्वालियर ग्रामीण, सुरेन्द्र जैन श्योपुर, अरूण गोस्वामी शिवपुरी, सीपी राव गुना, तुषार खेर अशोकनगर, संतोष दुबे सागर, पूरनचन्द गुप्ता टीकमगढ, पंकज शर्मा निवाडी, सुरेश तिवारी छतरपुर, नरेन्द्र राठौड दमोह, प्रदीप मजूमदार पन्ना, उपेन्द्र चन्द्र दुबे रीवा, सुनील सेनानी सतना, कृष्णकांत मिश्रा सीधी, राजकुमार विश्वकर्मा सिंगरौली, सुभाष सोनी शहडोल, प्रकाश पालीवाल उमरिया, नंदकुमार यादव जबलपुर नगर, अश्विनी पटेल जबलपुर ग्रामीण, संतोष जायसवाल कटनी, नितिन गुप्ता डिंडौरी, नीलेश अवस्थी मंडला, हीरा सिंह भाटिया बालाघाट, अरूण उपाध्याय सिवनी, मुन्नालाल सराठे नरसिंहपुर, बलवीर ठाकुर छिंदवाडा, नितिन तायडे नर्मदापुरम, अरविन्द विश्नोई हरदा, विकास प्रधान बैतूल, सुनील तिवारी भोपाल नगर, जितेन्द्र जैन रायसेन, अरविन्द मिश्रा विदिशा, आशीष शर्मा सीहोर, दीपकमल जैन राजगढ़, पीयूष शर्मा खण्डवा, सुशील चौहान बुरहानपुर, बद्रीप्रसाद शर्मा बडवानी, रीतेश डाबर अलीराजपुर, जितेन्द्र जैन झाबुआ, अंकित ओसवाल धार, ऋषिवंत तोमर उज्जैन नगर, राजेश पाटीदार उज्जैन ग्रामीण, सागर हेमराज राय शाजापुर, जसवंत सिंह तोमर आगर, ईश्वर सिंह परासिया देवास, प्रशांत कुशवाहा रतलाम, मिथुन वापता मंदसौर एवं अशोक जैन नीमच शामिल हैं।

सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक व सह संयोजकों की बैठक

# गांव-गांव दी जाएगी योजनाओं की जानकारी



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार ने सहकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम और जनहितैषी निर्णय लिए है, जो हमें मतदाता तक पहुंचाना है। चुनावी बेला में सहकारिता प्रकोष्ठ के हर किसान तक पहुंचे और उन्हें भाजपा सरकार में किए गए काम को बताएं। यह बात उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक में कही। बैठक में विधानसभा चुनाव में सहकारिता प्रकोष्ठ की भूमिका को लेकर पदाधिकारियों से चर्चा की।

बैठक में श्री राठौर ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने सहकारिता को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाने के कृत्य किए। यह बात हमें जनता तक ले जाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि सहकारिता प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर भाजपा की प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता को बताने का कार्य करेंगे।

प्रकोष्ठ के संयोजक मदनलाल राठौर ने बताया कि चुनाव की दृष्टि से प्रकोष्ठ विशेष अभियान के माध्यम से केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी कार्यो को लेकर मतदाता तक पहुंचेगा। साथ ही जिला स्तर प्रकोष्ठ की बैठकें आयोजित होगी। बैठक में किशन सिंह भटोल, सत्येन्द्र भूषण, मदनलाल राठौर, अशोक सिंघई, राजेन्द्र गुरू, शिवनारायण पाटीदार, कैलाश पाटीदार, भरत सिंह राजपूज, उमाकांत दीक्षित, मस्तान सिंह राजपूत, अजय सिंह बघेल, जीवन मैथिल, विजय तिवारी, अनंत मिश्रा, विनोद गुर्जर, संजय श्रीवास, अजय बघेल सहित अनेक वरिष्ठ सहकारी नेताओं की उपस्थिति रही। बैठक का संचालन प्रदेश सह संयोजक उमाकांत दीक्षित एवं आभार प्रदेश सह संयोजक भारत सिंह राजपूत ने माना।

लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

# भाजपा से मुक्ति मिलेगी तो देश बहुत आगे बढ़ेगा : नीतीश

पटना, एजेंसी। बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और कहा कि इनसे मुक्ति मिलेगी तो देश बहुत आगे बढ़ेगा। कुमार ने बुधवार को यहां लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददताओं से बातचीत में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सभी क्षेत्रीय दलों का अस्तित्व समाप्त हो जाने संबंधित बयान पर कहा, हम शुरू से कह रहे हैं कि भाजपा वालों ने मीडिया पर कब्जा कर रखा है। वे लोग सरकार के पैसे का सही इस्तेमाल भी नहीं कर रहे हैं। वे लोग केवल अपना प्रचार-प्रसार करते हैं। हम उन लोगों का कोई बयान न देखते हैं और न ही पढ़ते हैं। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि उनलोगों के चाहने से कुछ नहीं होगा। आगामी चुनाव के लिए वह सब विपक्षी पार्टियों को एकजुट कर रहे हैं और जनता निर्णय लेगी। इनसे मुक्ति मिलेगी तो देश बहुत आगे बढ़ेगा।हम उन लोगों के ऊपर कुछ नहीं कहना चाहते हैं। हम बचपन से अखबार पढ़ते थे और न्यूज चैनल भी देखते थे लेकिन आज पूरे मीडिया पर उन लोगों का कब्जा हो गया है इसलिए कुछ नहीं देखते हैं, जब उन लोगों से मुक्ति मिल जाएगी तो फिर पहले की तरह सब कुछ देखेंगे।



कुमार ने जाति आधारित गणना से संबंधित प्रश्नन के उत्तर में कहा कि सभी पार्टियों की सहमति के बाद ही जाति आधारित गणना कराई गई है। अब इसकी रिपोर्ट को सदन में रखा जाएगा। सभी परिवारों की आर्थिक स्थिति का ब्यौरा भी सदन में रखा जाएगा चाहे वे किसी भी जाति, धर्म के हों। सभी विधायकों एवं विधान पार्षदों को भी इसकी जानकारी दी जाएगी। एक-एक चीज को लोग जानेंगे। उसके बाद सभी से विमर्श कर आगे इस पर काम किया जाएगा।

# भाजपा विधायक मुनिरत्न ने की भूख हड़ताल खत्म

### उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के पैर छुए

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भाजपा विधायक मुनिरत्न नायडू ने बुधवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार और उनके भाई कांग्रेस सांसद डी.के.सुरेश के खिलाफ नफरत की राजनीति करने और अपने निर्वाचन क्षेत्र को आबंटित धन वापस लेने के खिलाफ शुरू की गई भूख हड़ताल खत्म कर दी। धरना खत्म करने के बाद मुनिरत्न एक कार्यक्रम में गए, जहां उपमुख्यमंत्री मौजूद थे। उन्होंने उनके पैर छुए।

मुनिरत्न ने शिवकुमार को अपने निर्वाचन क्षेत्र राजा राजेश्वरी के लिए धन और विकास कार्यों की एक सूची की मांग करते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा। बाद में मुनिरत्न ने शिवकुमार से उनके आवास पर मुलाकात भी की और कई मुद्दों पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा ने उन्हें भूख आंदोलन खत्म करने और शिवकुमार से मिलने की सलाह दी थी। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि विधायक मुनिरत्न ने अगर उनसे मिलने का समय मांगा होता तो वह उन्हें पहले ही समय दे देते। मीडियाकर्मियों ने जब उनसे पूछा कि मुनिरत्न ने आपके पैर छुए तो आपको कैसा लगा, तो शिवकुमार ने चौंकते हुए कहा कि क्या उन्होंने सचमुच मेरे पैर छुए। मैं कोई धार्मिक संत तो नहीं हूं। शिवकुमार ने कहा कि मैंने उनसे उन कार्यों की एक सूची देने को कहा है, जिन्हें करने की जरूरत है और आश्वासन दिया है कि काम के लिए धन जारी किया जाएगा। मुनिरत्न अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए धन जारी करने की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे थे।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति कमेटी का गठन

**भोपाल, देशबन्धु।** विभागों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग को भेजे जाने वाले प्रस्तावों के परीक्षण और अनुशंसा के लिये राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया है। विभागों द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग को प्रस्ताव भेजे जाते हैं। समिति में अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन तथा संबंधित विभाग जिनका प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया उनके अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव सदस्य होंगे। अब कोई भी विभाग आचार संहिता के दौरान अपना प्रस्ताव स्क्रीनिंग कमेटी के परीक्षण/अनुशंसा के पूर्व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से अथवा सीधे भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित नहीं करेगा। स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत करने के पूर्व प्रशासकीय विभाग भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों/स्पष्टीकरण का पर्याप्त अध्ययन व उसके अनुसार परीक्षण करते हुए उनका हवाला देते हुए उसे संदर्भित करेगा। प्रशासकीय विभाग को अपने प्रस्ताव में यह औचित्य भी दर्शाना होगा कि प्रस्ताव क्यों अत्यन्त महत्वपूर्ण है और निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक इसे क्यों नहीं रोका जा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित किया जाने वाला प्रस्ताव स्वयं स्पष्ट टीप के रूप में भेजा जाएगा न कि नस्ती के रूप में। राज्य शासन ने विभागों को निर्देशित किया है कि प्रस्ताव भेजने के पूर्व भारत निर्वाचन आयोग के निर्णय में लगने वाले संभावित समय का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रशासकीय विभाग परिभ्रमण में समिति का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् प्रस्ताव सामान्य प्रशासन विभाग को उपलब्ध कराऐगा। जो प्रस्ताव उक्त मापदंडों की पूर्ति करते हुए नहीं होंगे उन्हें लौटा दिया जाएगा।

# पठानकोट हमले का मुख्य साजिशकर्ता ढेर

### शाहिद लतीफ की पाक में गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक और 2016 के पठानकोट हमले के मुख्य साजिशकर्ता शाहिद लतीफ की बुधवार को पाकिस्तान के सियालकोट शहर में एक मस्जिद के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

सूत्रों के मुताबिक, 41 वर्षीय आतंकवादी को शुक्रवार की नमाज के बाद नूर मदीना मस्जिद के पास मार दिया गया। हत्या के तुरंत बाद हमलावर मौके से भाग गए। पाकिस्तान पुलिस अभी तक बंदूकधारियों की पहचान नहीं कर पाई है। भारतीय एजेंसियों के अनुसार, लतीफ पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा था। उसने 2016 में पठानकोट एयरबेस पर हमले को अंजाम देने के लिए चार आतंकवादियों को निर्देशित किया था।

लतीफ को 2010 में 24 अन्य आतंकवादियों के साथ भारत सरकार ने रिहा कर दिया था। 1999 में इंडियन एयरलाइंस विमान (आईसी 814) के अपहरण के मामले में जैश-ए-मोहम्मद के संस्थापक मौलाना मसूद अज़हर के साथ रिहाई की मांग करने वाले जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों की सूची में लतीफ़ का नाम भी था।

पिछले साल अदालत में दायर एनआईए के आरोप पत्र के अनुसार, लतीफ ने नए घुसपैठ करने वाले जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादियों को परिवहन और रसद सहायता प्रदान की थी, जो जम्मू क्षेत्र में सुरक्षा बलों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर आत्मघाती हमले को अंजाम देने के लिए भारत में घुसे थे। नवंबर 1994 में लतीफ को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवाद के आरोप में भारत में गिरफ्तार किया गया था। लतीफ पर मुकदमा चला और बाद में 16 साल की अवधि के लिए कोट बलवाल, जम्मू जेल में कैद रखा गया, जहां उसने मसूद अज़हर के साथ कारावास साझा किया। भारत में अपनी सजा पूरी करने के बाद उसे 2010 में वाघा सीमा के माध्यम से पाकिस्तान वापस भेज दिया गया था।

सीएजी अधिकारियों के तबादले पर बोली कांग्रेस

# जो सच बोलेगा उसे सजा मिलेगी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस ने मोदी सरकार पर कड़ा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि वह माफिया की तरह काम कर रही है और जो सच बोलता है उसे सजा दी जाती है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक हैंडल पर ट्वीट कर आज कहा कि इस सरकार में हालात यह हो गये हैं कि जो सच बोलेगा, उसे सजा मिलेगी। इसका उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दिनों नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के भ्रष्टाचार और बड़े घोटालों को उजागर किया था इस संस्थान के जिन अधिकारियों ने इस मामले की जांच की उनका अब स्थानांतरण कर दिया गया है और उन्हें इसकी सजा दी जा रही है।

### कई योजना में घोटाले का खुलासा किया था

पार्टी ने कहा, कैग ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि मोदी सरकार ने द्वारका एक्सप्रेसवे परियोजना, भारतमाला प्रोजेक्ट और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं में भारी घोटाला किया है। हमारी मांग है कि अधिकारियों के ट्रांसफर आदेशों को तुरंत रद्द किया जाए, उन्हें सच बोलने की सजा न दी जाए। साथ ही जिन योजनाओं में घोटाले उजागर हुए हैं, उनसे जुड़े लोगों पर कार्रवाई की जाए। इस बीच पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, कैग के तीन अधिकारी हैं, जिन्होंने संसद के मानसून सत्र के दौरान पेश की गई एक रिपोर्ट में सरकारी योजनाओं में बड़े पैमाने पर घोटालों का खुलासा किया था।

### छत्तीसगढ़ में फिर बनेगी कांग्रेस सरकार : सैलजा

नई दिल्ली। कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि पार्टी छत्तीसगढ में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है तथा वहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने जिस तरह लोगों से किए वादे पूरे किए हैं उससे लोग खुश हैं और वहां कांग्रेस प्रचंड बहुमत के साथ फिर सरकार बना रही है। कांग्रेस की छत्तीसगढ की प्रभारी महासचिव कुमारी सैलजा ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से तैयार है और पार्टी लोगों के बीच 'भरोसा बरकरार, फिर से कांग्रेस सरकार' नारा लेकर जा रही है।

# किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ा सकती है सरकार!

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्र सरकार 2024 के लोकसभा चुनाव में जाने से पहले प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की रकम को बढाने की तैयारी कर रही है। मौजूदा समय में केंद्र सरकार की ओर से छोटे किसानों को 2000 रुपए के तौर पर तीन किश्तों में सालाना 6000 रुपए की राशि किसान सम्मान निधि के रूप में दी जा रही है। लेकिन अब यह रकम में 2000 रुपए की बढ़ोतरी कर 8000 रुपए सालाना करने की तैयारी है। इस आशय का प्रस्ताव केंद्र के पास विचाराधीन है। सूत्रों ने बताया कि सरकार इस दिशा में गंभीरता से विचार कर रही है।

### मोदी मंत्रिमंडल ने 'मेरा युवा भारत' को दी मंजूरी

***नई दिल्ली।*** *केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को स्वायत्त संस्थान 'मेरा युवा भारत' की स्थापना को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि मेरा युवा भारत युवाओं के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म होगा।*

**आम सूचना**

मैं शपथकर्ता अनिल यादव पिता कुवर सिंह यादव निवासी शिवाजी वार्ड सागर तहसील सागर शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि यह कि मैं उपरोक्त स्थान का स्थायी निवासी हूं। यह कि मेरी रजिस्ट्री दिनांक 30/09/2023 को मेरे बैग में रजिस्ट्री विक्रय पत्र मूल प्रति थी। यह कि उक्त कचहरी के आसपास गुम हो गई है।

अतः मेरे बैग में मौजा तिलीमाफी प.ह.न. 63 सर्जिकल सकिल सागर खसरा नं. 54 बाघराज वार्ड क्र. 47 रजिस्ट्री दिनांक 16/05/2018 की रजिस्ट्री थी। श्रीमान जी से अनुरोध है। मेरी रजिस्ट्री ढूडने का प्रयास किया जाये।

अतः शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**अनिल यादव**
**शिवाजी वार्ड सागर**

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**

क्रमांक 2242/स.अ. /आवंटन/सागर/ 2023 दिनांक 12.10.2023

**भवन भूखण्ड हस्तान्तरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल कॉलोनी पं दीनदयाल नगर सागर में स्थित भवन क्रमांक एमआईजी 09 मंडल द्वारा श्री छतरसिंह राजपूत पिता श्री भगवान सिंह राजपूत को आवंटित किया गया था। जिसका विक्रय विलेख मंडल द्वारा 26.05.2006 को निष्पादित कराया गया। श्री छतरसिंह राजपूत पिता श्री भगवानसिंह राजपूत द्वारा उक्त भूखण्ड विक्रय विलेख निष्पादित दिनांक 04.10.2023 के माध्यम से श्री बालीकुमार दुबे पिता श्री हरिशंकर दुबे को विक्रय किया। श्री बालीकुमार दुबे पिता श्री हरिशंकर दुबे द्वारा उक्त भूखण्ड/ भवन स्वयं के नाम नामान्तरित/हस्तांतरित कराने हेतु आवेदन/दस्तावेज/ शपथ पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है। यदि किसी व्यक्ति को संस्था या हित रखने वाले वैध व्यक्ति को हस्तांतरण/नामांतरण बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**सम्पत्ति अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**

# बगैर अनुमति जुलूस निकालने पर तत्काल करें एफआईआर: कलेक्टर

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी की उपस्थिति में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत पुलिस, राजस्व एवं विभिन्न व्यय संबधी अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, रिटर्निंग ऑफिसर 43-टीकमगढ़ संजय कुमार दुबे, रिटर्निंग ऑफिसर 44-जतारा लोकेन्द्र सिंह सरल, रिटर्निंग ऑफिसर 47-खरगापुर विजय कुमार सेन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दीपाश्री गुप्ता, संबंधित पुलिस अधिकारी, राजस्व अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देशित किया कि विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत आदर्श आचरण संहिता लागू होने से धारा-144 का कड़ाई से पालन किया जाये। जुलूस जिसकी अनुमति नहीं ली गई है तो एफआईआर की जाये। यदि 4 से ज्यादा लोग एकत्रित हैं तो एफआईआर करें। पोल की लुकेशन मार्क की जायेगी। संपत्ति विरूपण अधिनियम अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाये, एफएसटी टीम अपना कार्य सजगता से करें एवं कार्यवाही करें। चुनाव के समय आने वाली शिकायतों का निराकरण तत्काल 24 घंटे के अंतर्गत किया जाये। सोशल मीडिया पर लिखे जाने वाले धार्मिक, राजनैतिक रूप से प्रभावित करने वाले पोस्ट को हटवायें एवं तुरंत कार्यवाही करें। नाकों पर सीसीटीवी कैमरा टेंट की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी संबंधित अधिकारी प्रतिदिन चैक करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि संपत्ति



विरूपण में पोस्टर, बैनर अगर मिलेगा तो फोटो क्लिक करके एफआईआर करें। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत व स्कूलों में भी संपत्ति विरूपण सुनिश्चित करें। अगर परमानेंट पत्थर हैं तो पर्दा लगायें। कोलाहल अधिनियम में यदि रात्रि 10 बजे के बाद स्पीकर चलता है तो वीडियो बनाकर एफआईआर करें। किसी भी प्रकार की सूचना मिलती है तो पंचनामा बनायें। मादक पदार्थों के विरूद्ध कार्यवाही करें। गाड़ियों पर यदि फ्लैग, हूटर लगा है उन पर वीडियोग्राफी कर कार्यवाही जायेगी।

# युवती के साथ धोखाधड़ी करके 12 हजार रुपए करवाए ट्रांसफर




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिजराबन की एक युवती के साथ धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवती के साथ धोखाधड़ी कर फोन पे के माध्यम से 12 हजार रुपए एक अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए गए। इस घटना को लेकर पीड़ित युवती के भाई ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में धोखाधड़ी करने वाले पर कार्यवाही करने व रुपए वापिस दिलाने की गुहार लगाई है। फरियादी आदेश रावत निवासी बिजराबन द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन दिया गया। जिसके अनुसार फरियादी की बड़ी बहिन सोनाली रावत के मोबाइल फोन पर 10 अक्टूबर की सुबह 10 बजे 9406555324 व 9303615954 से कॉल आया था, जिसमें पीड़ित युवती के परिचित का नाम बताकर उसको झांसे में फसाते हुए फोन पे के माध्यम से तीन बार में 12 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए। इसकी जानकारी पीड़िता ने अपने परिजनों को दी। परिजनों ने जब जानकारी लगाई तो जिस अकाउंट में यह रुपए ट्रांसफर किए गए वह किसी ब्रजेश नाथ के नाम से पंजाब नेशनल बैंक में खुला हुआ है। इस धोखाधड़ी को लेकर पीड़िता सोनाली रावत के भाई आदेश रावत ने एसपी कार्यालय में आवेदन देकर ब्रजेश नाथ पर कार्यवाही व बहिन के 12 हजार रुपए वापिस दिलाने की गुहार लगाई है।

# नुक्कड़ सभाएं और घर-घर संपर्क कर रहे यादवेंद्र सिंह



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार यादवेंद्र सिंह पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन ने विधानसभा क्षेत्र 43 टीकमगढ़ की ग्राम पंचायत दरी, नगारा, रसोई, दरगुनवा सहित अनेक ग्रामों में नुक्कड़ सभाएं करके घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। उक्त कार्यक्रम में सूर्य प्रकाश मिश्रा प्रदेश सचिव मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ उप ब्लॉक बुड़ेरा के अध्यक्ष, लार मंडलम अध्यक्ष, लार सेक्टर अध्यक्ष सहित कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी लोगों ने विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस पार्टी को अधिक से अधिक मतों से जिताने का आश्वासन दिया। यादवेंद्र सिंह को जनता का अपार स्नेह और समर्थन मिल रहा है।

# चुनाव कार्य में लापरवाही करने पर ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वे द्वारा शासकीय कार्य में लपरवाही करने पर ग्राम पंचायत सतगुंवा सचिव शाहिद अहमद को निलंबित कर दिया है। तदनुसार विधानसभा निर्वाचन-2023 की आदर्श आचार-संहिता प्रभावशील होने के उपरान्त शाहिद अहमद सचिव ग्राम पंचायत सतगुंवा को निर्देश एवं समझाइश देने के बावजूद सम्पत्ति विरूपण के संबंध में कोई कार्यवाही अमल में नहीं लायी गयी। सत्यापन कराने पर ग्राम पंचायत सतगुंवा में जगह-जगह विभिन्न राजनैतिक दलों के वेनर, पोस्टर, दीवाल पर नारे लेखन आज भी यथावत लगे हुये हैं। शहीद अहमद सचिव ग्राम पंचायत सतगुंवा जनपद पंचायत जतारा का उक्त कृत्य संपत्ति विरूपण अधिनियम एवं म.प्र. पंचायत सेवा आचरण नियम के प्रतिकूल होने के फलस्वरूप प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर श्री अहमद सचिव ग्राम पंचायत सतगुंवा जनपद को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। शहीद अहमद को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। सुरेन्द्र यादव सचिव ग्राम पंचायत शाहपुर, जनपद पंचायत जतारा को अपने कार्य के साथ-साथ ग्राम पंचायत सतगुंवा जनपद पंचायत जतारा का अतिरिक्त सचिवीय प्रभार अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक सौंपा गया है।

# अभाविप की बैठक में नगर कार्यकारिणी का गठन



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शासकीय स्नातक महाविद्यालय बल्देवगढ़ में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें मुख्य रूप से टीकमगढ़ जिला के जिला संयोजक अजय सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने नवनिर्वाचित कार्यकर्ताओं को विद्यार्थी परिषद की परंपरा एवं आचार्य पद्धति के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालक जिला संयोजक अजय सिंह और इकाई प्रमुख कमल साहू और नगर अध्यक्ष बृजेश सेन द्वारा किया। जिसमें नगर अध्यक्ष बृजेश सेन, नगर मंत्री सत्यम मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष कृष्ण त्रिपाठी, बृजेश रजक, राजकुमार अहिरवार, मुस्कान राजा परमार, नगर सह मंत्री संजय कुशवाहा, नीतेश अहिरवार, शिवम लोधी, रोहित खंगार, रामपाल अहिरवार समस्त कार्यकर्ता आगामी कार्यकारिणी में निर्वाचित हुए।

## जुआ खेलते 6 जुआरी गिरफ्तार

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** पुलिस ने बुधवार की देर शाम को मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए ग्राम धामना के ढगरा हार से जुआ खेलते हुए 6 जुआरियों को गिरफ्तार कर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी अनुमेहा गुप्ता ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि ग्राम धामना के ढगरा हार में जुए का बड़ा फड़ जमा हुआ है। मुखबिर की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर देखा तो ग्राम धामना के ढगरा हार में कुछ लोग बल्व के उजाले में घेरा बनाकर बैठे हुए थे। वहां पर लोगों के द्वारा जुआ खेला जा रहा था। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रेड कार्रवाई करते हुए ताश के पत्तों से हार जीत का दांव लगा कर जुआ खेल रहे ब्रजेन्द्र सिंह बुंदेला उर्फ मंझले सैराई, संतोष लुहार दिगौड़ा, छत्रपाल सिंह राठौर शाहपुर, राम किशोर राय मिनोरा, रामकुमार राय कुंडेश्वर व वीरसिंह यादव पहाड़ी तिलवारन को गिरफ्तार किया गया। इन जुआरियों के कब्जे से 52 ताश के पत्ते व 36 हजार 700 रुपए जप्त किए गए। दिगौड़ा पुलिस द्वारा पकड़े गए जुआरियों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी अनुमेहा गुप्ता, एसआई नीरज लोधी, एएसआई कल्याण सिंह, प्रधान आरक्षक विजय सिंह, मुकेश राय, रंजीत सिंह, आरक्षक सलमान खान, आशीष मिश्रा, पंकज साहू, अजीत सिंह की अहम भूमिका रही।

## बोर चलाने पर युवक के साथ मारपीट

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धामना में मूंगफली की फसल को पानी देने के लिए शामिलाती बोर को चलाने पर विवाद हो गया। इस विवाद में पीड़ित व्यक्ति के साथ दूसरे पक्ष के पति पत्नी ने लाठी से मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों पर मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी ने बताया कि 11 अक्टूबर की रात करीब 8:30 बजे ग्राम धामना में पानी का शामिलाती बोर चलाने पर विवाद हो गया, जिसमें फरियादी हीरालाल पिता नाथूराम बुनकर निवासी धामना के साथ देवीदास बुनकर व उसकी पत्नी मुन्नीबाई बुनकर ने गाली गलौज, जान से मारने की धमकी व लाठी से मारपीट कर दी।

## अवैध शराब बेचते हुए दो युवक गिरफ्तार

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए ग्राम बछोड़ा व भगवंतपुरा तिगैला से अवैध देशी शराब जप्त कर दो आरोपियों के खिलाफ धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी अनुमेहा गुप्ता ने बताया कि 11 अक्टूबर बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए ग्राम बछोड़ा के चकला हार व भगवंतपुरा तिगैला से दो लोगों के कब्जे से अवैध शराब को जप्त किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ग्राम बछोड़ा के चकला हार पहुँची तो एक युवक प्लास्टिक की कुप्पी में शराब बेचने के लिए खड़ा हुआ था। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ कर उसके कब्जे से 10 लीटर अवैध देशी कच्ची महुआ से बनी हुई शराब को जप्त कर आरोपी दीपेश घोष निवासी चकला हार बछोड़ा के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। इसके साथ ही मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने भगवंतपुरा तिगैला पर जाकर देखा तो एक युवक प्लास्टिक के थैले में शराब बेचने के लिए खड़ा हुआ था। पुलिस को देखते ही युवक ने भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ कर उसके कब्जे से 22 क्वाटर अवैध देशी शराब को जप्त कर आरोपी धीरज सिंह ठाकुर निवासी भगवंतपुरा के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

## महिला ने पंखे से लटक कर की आत्महत्या

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बर्माताल में अज्ञात कारणों के चलते 40 वर्षीय महिला ने अपने खेत पर बने मकान में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर दिगौड़ा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही कर मर्ग कायम किया और शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया। बीट प्रभारी सादिक खान ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बर्माताल में आज सुबह शांति देवी अहिरवार पत्नी बाबूलाल उर्फ बद्दू अहिरवार निवासी बर्माताल ने अज्ञात कारणों के चलते पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतक महिला के शव को नीचे उतार कर पंचनामा बनाकर शव का जतारा अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया व घटना को लेकर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# पितृ पक्ष में बच्चों ने पीठा ताल घाट के किनारे लगा कचरा निकाला



**जतारा, देशबन्धु।** अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ द्वारा संचालित बाल संस्कार शाला के छोटे बच्चों द्वारा नवाचार के क्रम में पीठा ताल के घाट के निकट जमे कचरे, काई को साफ किया एवं आसपास के लोगो को पूजन की सड़ी गली सामग्री, खराब कपड़े, पॉलीथिन, शेम्पू के पाउच पानी मे ना डालने के लिए जागरूक कर अनुरोध किया। पर्याप्त बारिश ना होने की वजह से वैसे भी तालाब में बहुत कम पानी शेष बचा है और जो है वह भी अस्वच्छ होने की वजह से उपयोग करने में दिक्कत आ रही है। पितृ पक्ष में तर्पण पानी देने के लिये पहुँचे हुए लोगो ने भी छोटे बच्चों के अनुरोध को स्वीकार किया और उनकी सराहना की। युवा प्रकोष्ठ के मदन समेले ने बताया कि पंच महाअभियान के तहत गतिविधियों का क्रम निरंतर चलाया जाता है। जिसका असर आम जन मानस पर अधिक पड़ता है।

# बदमाशों पर नकेल कसने पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** अपराध को रोकने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने रात में सघन चेकिंग शुरू कर दी है। विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बल्देवगढ़ पुलिस रात के समय सक्रिय हो गई है। बुधवार को थाना प्रभारी मनोज सोनी ने पुलिस बल के साथ थाने के समीप बम्होरी तिगौला पर आने-जाने वाले वाहनों की जांच की है। दरअसल शहर की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए थाना प्रभारी द्वारा रात्रि में पुलिस बल के साथ नगर पैदल गश्त एवं क्षेत्र में वाहनों से गश्त शुरू कर दी है। साथ ही डायल 100 की टीम के साथ पेट्रोलिंग एवं गश्त की जा रही है।

## जनपद सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित

# आचार संहिता के नियमों के अनुसार नवरात्रि और दशहरा पर्व मनाने की अपील



**पलेरा, देशबन्धु।** विधानसभा की आचार संहिता लागू होने के बाद जनपद पंचायत कार्यालय के सभागार में गुरुवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान राजस्व व पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं डीजे संचालकों को आचार संहिता के नियमों से अवगत कराया और पालन करने का आह्वान किया। अधिकारियों का कहना था कि आगामी पर्व में आचार संहिता के नियमों के पालन किया जाए। बैठक के दौरान तहसीलदार डॉक्टर अवंतिका तिवारी ने अपने घरों पर लगे हुए राजनीतिक पोस्टरों को 24 घंटे में तत्काल हटाए जाने की बात कही। बैठक में उपस्थित डीजे संचालकों को हिदायत देते हुए कहा गया की तेज आवाज में डीजे संचालक आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न करें। आपसी भाईचारे की भावना को ध्यान में रखते हुए मिल जुलकर सभी त्योहारों का आनंद लें। स्थानीय गणमान्य नागरिकों से अपील करते हुए कहा गया कि नगर में संदेहित गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाएं। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि नगर क्षेत्र में शांति व्यवस्था को कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि अराजकता का माहौल फैलाने वालों के साथ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान तहसीलदार डॉ अवंतिका तिवारी, नायब तहसीलदार सत्यप्रकाश खरे, सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा, थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार, ओआईसी अमित चौहान समेत नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नवरात्रि पर्व को लेकर थाना परिसर में बैठक आयोजित

# रात 10 बजे साउंड सिस्टम बंद करने होंगे

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** नवरात्रि पर्व को लेकर थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर सहित क्षेत्र में सैकड़ो जगह पंडालों में आर्केस्ट्रा, डीजे और अत्याधुनिक साउंड सिस्टम पर माता के भजनों, गीतों के आयोजन सामान्य तौर पर रात 12 बजे तक होते थे। लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव आचार संहिता के चलते रात 10 बजे ही साउंड सिस्टम बंद करने होंगे। शांति समिति की बैठक एसडीएम विजय सेन और थाना प्रभारी मनोज सोनी ने कहा कि नवरात्रि के महापर्व पर पंडाल में विराजमान माता रानी मूर्तियों की समितियों को आचार संहिता के नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। जिसमें रात दस बजे के बाद साउंड प्रतिबंधित रहेगा। थाना प्रभारी मनोज सोनी ने कहा कि आचार संहिता लागू होने के बाद से सभी आयोजनों की तहसील या एसडीएम स्तर अनुमति दी जाएगी। बगैर अनुमति के कोई भी आयोजन नहीं करेगा। समितियों को सभी सदस्यों की जानकारी पंडाल में सूचना बोर्ड पर लगानी होगी। उन्होंने कहा कि डीजे वालों को अलग से अनुमति लेनी होगी। तेज आवाज एवं बिना अनुमति के डीजे बजते पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी

# निजी भवनों पर मालिक की सहमति के बिना नहीं लगेगें बैनर-झंडे

**दमोह, देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम अनुसार जिले के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 54-पथरिया, 55-दमोह, 56-जबेरा एवं 57-हटा में 17 नवम्बर को मतदान एवं 03 दिसम्बर 2023 को मतगणना होगी। निर्वाचन कार्यक्रमों की घोषणा हो जाने के फलस्वरूप दमोह जिले में भी 09 अक्टूबर से आचार संहिता प्रभावशील है। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने की दृष्टि से जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने मध्यप्रदेश सम्पत्ति विरूपण अधिनियम के तहत निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी को निर्देश जारी किये है कि निजी भवनों पर भी भवन स्वामी की लिखित सहमति एवं नगर पालिका परिषद/ नगर परिषद की अनापत्ति प्राप्त करने के उपरांत झंडे, पोस्टर, बैनर, वाल राइटिंग व अस्थायी फ्लैक्स वोर्ड, भवन स्वामी की दीवार पर लगा सकेंगे, इसके लिए आवश्यक होगा कि प्रत्याशी को तीन दिवस के अंदर नगर पालिका परिषद/नगर परिषद के द्वारा एन.ओ.सी. जारी करने हेतु ली गयी राशि की रसीद, भवन स्वामी के द्वारा लिये जाने वाले किराये की रसीद, बैनर/पोस्टर/फ्लैक्स बोर्ड लिखावट पर किये गये व्यय की रसीद व संलग्न प्रोफार्मा रिटनिंग आफिसर को भवनवार प्रस्तुत करना होगी। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत मध्यप्रदेश सम्पत्ति विरूपण अधिनियम 1994 की धारा-3 में स्पष्ट उल्लेख है कि कोई भी, जो सम्पत्ति के स्वमी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि से आने वाली किसी सम्पत्ति को स्याही, खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिखकर या चिन्हित करके उसे विरूपित करेगा वह जुर्माने से, जो एक हजार रूपये तक का हो सकेगा, से दंडनीय होगा। इस अधिनियम के अधीन दंडनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा। सम्पत्ति के अंतर्गत कोई भवन, झोपड़ी, संरचना, दीवार, वृक्ष, बाढ, खम्बा (पोस्ट), स्तंभ (खंबा) या कोई अन्य परिनिर्माण शामिल होगा। उन्होंने कहा है झंडे, बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स बोर्ड पर ऐसा कुछ भी नहीं लिखा जाये जिससे कि विभिन्न समुदायों में असंतोष उत्पन्न होकर लोक न्यूसेंस की संभावना उत्पन्न हो।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनैतिक दल या चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी या विज्ञापन कम्पनियों द्वारा किसी भी शासकीय, अशासकीय सम्पत्ति से संबंधित विभाग या भवन स्वामी की अनुमति के बिना विरूपित किया जाता है, तो संबंधित विभाग एवं भवन स्वामी के द्वारा सम्पत्ति विरूपण बावत् थाने में प्रथम सूचना दर्ज करायी जाये। अतः एकपक्षीय पारित किया जाकर, इसकी सूचना प्रिन्ट मीडिया/इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं अन्य सूचना तंत्रों के माध्यम से करायी जा रही है। उक्तादेश तत्काल प्रभावशील होगा। आदेश का उल्लंघन भादवि की धारा 188 एवं मध्यप्रदेश सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 में वर्णित प्रावधानान्तर्गत दण्डनीय होगा।

# बालिका के साथ बलात्कार के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

**पन्ना, देशबन्धु।** बालिका के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को न्यायालय द्वारा बीस वर्ष के कारावास से दण्डित किया है। जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी सहा. जि. लोक अभि. अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि अभियोक्त्री की माता ने 06 अगस्त 2022 को थाना में उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट लेख करायी कि 05 अगस्त 2022 को शाम 04 बजे उसके पति ने उसे बताया कि उसे अभियोक्त्री के चाचा ने बताया था कि 02 अगस्त 2022 को नत्थू लोधी ने अपनी अभियोक्त्री के साथ गलत काम किया, उक्त बात के बारे में उसने अभियोक्त्री से पूछा तो उसने बताया कि 02 अगस्त 2022 को सुबह 09 बजे वह अपनी साइकिल से गेंहू पिसवाने के लिए चक्की गयी थी तो उसने गेहूं पिसने के लिए वहीं रख दिया तथा इसके बाद वह वापस अपने घर आने लगी तो चक्की के बाहर नत्थू लोध मिला और उसने अभियोक्त्री की साइकिल का आगे का पहिया पकड़ लिया और उससे बोला कि यहीं पास में जो पुराना खंडहर है, उसके साथ वहां चलो, तो अभियोक्त्री ने वहां जाने से मना किया। इसके बाद नत्थू ने साइकिल का पहिया छोड़ दिया तो वह वापस अपने घर आने लगी, जैसी ही वह थोड़ी दूर बरगद के पेड़ के पास पहुंची तो नत्थू लोध दोबारा आया और उसे रोककर उसकी साइकिल गिरा दी और नत्थू उसे जबरजस्ती पकड़कर पुराने खंडहर वाले घर ले गया और वहां जमीन पर उसे पटक दिया तथा जबरजस्ती उसके पूरे कपड़े उतार दिए तथा अपने भी पूरे कपड़े उतार दिए। इतने में ज्वाला उर्फमुशी लोध भी आ गया और उससे बोला कि चुप रहना चिल्लाना नहीं यदि चिल्लाया तो उसे तथा उसके माता पिता को जान से खत्म कर देगा। इसके बाद डर की वजह से वह नहीं चिल्लायी और नत्थू लोध उसके उपर लेट गया और उसके साथ गलत काम किया। अभियुक्त नत्थू लोध बोल रहा था कि यह बात किसी को नहीं बताना डर की वजह से यह बात उसने अपने माता पिता को नहीं बतायी थी। अभियोक्त्री की मां की उक्त रिपोर्ट के आधार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना धरमपुर में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना सुसंगत साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किए गए एवं घटनास्थल का नक्शामौका तैयार किया गया। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत आरोपीगण के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय महेन्द्र मंगोदिया विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट पन्ना के न्यायालय में प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी संदीप कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक वरिष्ठ सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी दिनेश खरे द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपीगण मुन्सी उर्फ ज्वाला सिंह नत्थू लोध के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपीगण के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए न्यायालय महेन्द्र मंगोदिया विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट पन्ना के न्यायालय द्वारा आरोपी नत्थू लोध को क्रमशः धारा 506 भाग दो, 342 भादस् एवं 5एम/6 पॉक्सो एक्ट के आरोप में क्रमशः 01 वर्ष, 06 माह एवं 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपए, 500 रूपए एवं 1000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**दमोह, देशबन्धु।** यूएस ऐड और मोमेंटम एनजीओ ग्रुप के सहयोग से प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एन्हांसिंग द वैल्यू ऑफ गर्ल चाइल्ड विषय पर प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, जिसमें प्रदेश के 50 कॉलेज को चुना गया है जहां प्रत्येक महाविद्यालय से 100 विद्यार्थियों को लिया गया है। यह कार्यक्रम पीजी कॉलेज में भी चलाया जा रहा है जो दस मॉड्यूल में होगा जिसे सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद छात्रों को उच्च शिक्षा विभाग से प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जेंडर असमानता को मिटाने पर जोर देना है जिससे युवा आने वाले जीवन में परिवर्तन ला सकें, पहले मॉड्यूल में लिंग और उसकी जटिलताओं को समझने का सफरश् प्रारंभ किया गया। जिसमें उन क्षेत्रों को पहचान करने में मदद करना है जहां सीखने के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया जा सके।

इसमें लड़की के जन्म से पहले से पारिवारिक जीवन तक पहुंचने में आने वाली कठिनाइयां और सुझाव भी बताए जाएंगे। इसमें दो सहायक प्राध्यापक मेंटर और दो छात्र, मेंटर के सहायक के रूप में होंगे। मेंटर एन पी कुमार और पुरुषोत्तम प्रजापति ने बताया कि जेंडर से आशय विविध लोगों की सामाजिक रूप से निर्मित भूमिकाओं, व्यवहारों, अभिव्यक्तियों और पहचान से है, जो यह प्रभावित करता है कि लोग खुद को और एक दूसरे को कैसे समझते है और कैसे कार्य करते है।

समाज में शक्ति और संसाधनों का वितरण कैसे होता है और व्यक्ति कैसा अनुभव करते है और व्यक्त करते हैं। हम समाज में पुरुषों और महिलाओं के मानदंड, सामाजिक अपेक्षाओं और उन्हें पूरा करने या अमल करने के तरीकों की बात करते हैं। लैंगिक समता का आशय यह है कि सभी जेंडर को उनकी संबंधित जरूरतों के हिसाब से न्याय देना है। अक्सर देखा व सुना गया है कि महिलाओं और लड़कियों को जीवन जीने के लिए पुरुषों और लड़कों की तुलना में ज्यादा चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, यह भेदभाव तक नहीं रुकता बल्कि उन्हें शोषण/ हिंसा का सामना भी करना पड़ता है इन विषयों पर छात्रों को समझाना और जागरूक करना है।

# जुझार जैन मंदिर में क्षमा वाणी का कार्यक्रम आयोजित किया गया

**दमोह, देशबन्धु।** ग्राम जुझार जैन मंदिर में बांदकपुर जैन समाज के द्वारा क्षमा वाणी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाज के लोगो के साथ क्षेत्र के सभी लोग सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की आयोजक जैन समाज की वरिष्ठ समाज सेविका बांदकपुर महिला मंडल का नेतृत्व करने वाली रिंकी जैन ने बताया कि हमारे द्वारा प्रतिवर्ष क्षमा वाणी का आयोजन किया जाता है जिसमें सभी एक साथ मिलकर इस आयोजन को मानते हैं। साथ में भोजन करते हैं और वर्ष भर में हमारे द्वारा मन वचन कर्म से जो भी गलतियां होती हैं उसके लिए क्षमा मांगते हैं जिसे हम उत्तम क्षमा कहते हैं।

आयोजन के अंत में वृक्षारोपण किया गया जिसमें स्वतंत्र कुमार जैन ने बताया की वृक्षों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्ष हमारे जीवन में अति महत्वपूर्ण है। हम प्रतिवर्ष कार्यक्रम में वृक्षारोपण भी करते हैं जिससे हमारा वातावरण स्वच्छ रहे। जैन समाज के सामाजिक कार्यकर्ता जागरूक युवा भैया आशु जैन ने सभी आगुंतकों का तिलक लगा कर स्वागत किया। आयोजन में बांदकपुर क्षेत्र के वरिष्ठ जन, युवा बजरंग दल सदस्यों सहित दमोह के विधायक अजय टंडन, सांसद प्रतिनिधी वीरू नेमा भी उपस्थित रहे।

# सी.एम.राइज मॉडल स्कूल दमोह में विधिक जागरूकता शिविर एवं बाल विवाह मुक्त भारत शपथ कार्यक्रम सम्पन्न



**दमोह, देशबन्धु।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष रेणुका कंचन के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह अंतर्गत स्थानीय सी.एम.राइज मॉडल स्कूल दमोह में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तृतीय जिला न्यायाधीश महिमा कछवाहा, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, समन्वयक यूनीसेफ वीरेन्द्र जैन, प्राचार्य आर.पी. कुर्मी, शिक्षक विजय कुमार दुबे, विनोद कुमार खलको, नरेन्द्र कुमार अहिरवार एवं छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे। तृतीय जिला न्यायाधीश महिमा कछवाहा द्वारा छात्र/छात्राओं को पॉक्सो एक्ट की जानकारी देते हुये बच्चों के विरूद्ध बढ़ रहे अपराधों के विषय में सावधान एवं सतर्क रहने तथा बच्चे प्रायः किसी परिचित एवं अपरिचित व्यक्ति द्वारा यौनशोषण के शिकार होते है जिसमें 90 प्रतिशत परिचित व्यक्ति व 10 प्रतिशत अपरिचित व्यक्ति होते है। यदि आपके साथ ऐसा कोई कृत्य करता है तो उसकी सूचना अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को अवश्य बतायें। उन्होंने कहा कि बच्चों को यदि अपने लक्ष्यों को पाना है तो उन्हें अपने जीवन में अनुशासन का पालन कर नशे से दूर रहना चाहिये क्योंकि नशा करने के परिणाम बहुत घातक होते है। साथ ही उन्होंने मोटरयान अधिनियम के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी। समन्वयक यूनीसेफ वीरेन्द्र जैन द्वारा उपस्थित छात्र/छात्राओं को बाल विवाह, बालश्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जन को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत बाल विवाह एवं बाल श्रम के खिलाफआवाज बुलंद करने हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार विजय कुमार रजक के द्वारा व्यक्त किया गया।

# ट्रांसफार्मर न वदले जाने से अंधेरे में रहने को मजबूर है आदिवासी



**दमोह, देशबन्धु।** हटा अनुविभागीय में मडियादो अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मादो के भटरियाटोला निवासी आदिवासी आज अंधेरे में रहने को मजवूर हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मादो आदिवासी टोला भटरिया में बिजली विभाग का ट्रांसफार्मर खराब होने से लगभग एक वर्ष से बिजली नहीं होने के चलते अंधेरे में रहने मजवूर हैं जबकि प्रतिमाह बिजली के बिल बिजली विभाग दे रहा है।

बिजली विभाग का रवैया कितना खराब है कि ट्रांसफार्मर तो सुधार नहीं रहा है बल्कि बिजली नहीं होने के बावजूद भी बिजली बिल बकायदा आते नजर आ रहे हैं। भटरिया टोला निवासी काशीराम आदिवासी, हीरालाल आदिवासी, विजय आदिवासी, करण आदिवासी, हरिश्चंद्र आदिवासी, राम प्रसाद आदिवासी, जहर आदिवासी, दामोदर आदिवासी, मणिलाल, रूप सिंह लोधी, संतराम पटेल, मोहनलाल आदिवासी इन लोगों ने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत करके भी बताया कि आज तक शिकायत में कोई असर नहीं हुआ और बिजली के बिल जस के तस आ रहे हैं और आज तक बिजली चालू नहीं हुई है और विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर नहीं रखवाया गया है।

# चुनावी राजनीति को लेकर कांग्रेस की हुई जिला स्तरीय बैठक



**दमोह, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव की तिथि घोषित होते ही जिले के समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन दमोह लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव कमलकांत शर्मा म.प्र. कांग्रेस कमेटी के सहप्रभारी श्रीराम पारासर उमाशंकर उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में जिले के मंडलम सेक्टर सी.एल.ए. की सक्रियता को लेकर हुई बैठक को संबोधित करते हुए कमलकांत शर्मा ने कहा कि पिछले चुनावो में भी हमें म.प्र. की जनता ने सरकार बनाने आर्शीवाद दिया था किन्तु जयचंदो ने छलपूर्वक हमारी सरकार को गिरा दिया था विधायक अजय टंडन ने कहा कि भाजपा केन्द्रीय मंत्रीयो को विधायक का चुनाव लड़ना रही है भविष्य में ऐसा न हो कि विधायको को सरपंच का चुनाव लड़वाये। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि आज भाजपा में मुख्यमंत्री पद के लिये जमकर लड़ाई है किन्तु मुख्यमंत्री पद का केवल एक चेहरा है। प्रदेश महामत्रीं मनु मिश्रा, प्रताप सिंह, सतीश जैन, तेजीराम रोहित, संजय चौरसिया, राजेश तिवारी, महेन्द्र प्रतापसिंह, कमलेश उपाध्याय, लालचंद राय, आदित्य सालोमन, शमीम कुरैशी मुरसलीन कुरैशी, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, गोलू सराफ उबेदगौरी ने कहा कि म.प्र. मे जिला तरह का परिदृश्य चल रहा है उससे यह आमजन अच्छी तरह समझ चुके है शिवराज मामा की विदाई तय है बस चुनाव की रसम बाकी है। इस अवसर पर जिले के ब्लाको तेन्दूखेड़ा से रघुनाथ यादव, द्वारका सिंह हटा से, घनश्याम यादव, अखिलेश तिवारी, प्रदीप खटीक, चंदाबाई पटेरा से, हेमंत पटेल जबेरा से हरिराम ठाकुर पथरिया से पीरसुमन बढियागढ से राजकुमार लोधी, राजूपांडे, मदन सुमन विजय बहादुर सिंह, डी.पी. पटेल बंसत कुशवाहा, डब्बू चौबे सहित नगर के समस्त पार्षदो की उपस्थिति रही।

# कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**दमोह, देशबन्धु।** बहुजन समाज पार्टी शहर इकाई द्वारा काशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर जटाशंकर कॉलोनी में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम काशीराम के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जिसमें संदीप चौधरी अध्यक्ष शहर बसपा, ऋषभ नायक महासचिव, नारायण सिंह लोधी, मनीष श्रीवास्तव आदि ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी को संबोधित करते हुए संदीप चौधरी ने कहा कांशीराम देश के लाखों करोड़ों दलितों पिछड़ों बहुजन समाज में राजनैतिक भूख जगाने वाले जनचेतना पैदा करने वाले बहुजन नायक थे। इस मौके पर माता, बहनों ने बसपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर ऋषभ नायक महासचिव, मनोज वर्मा वार्ड अध्यक्ष, सुरेंद्र चौधरी सेक्टर अध्यक्ष, किशन चौधरी सेक्टर अध्यक्ष, राज चौधरी, मानक अहिरवार आदि सभी युवा साथियों ने मान्यवर काशीराम जी के जीवन से प्रेरणा लेकर काम करने का संकल्प लिया।

# विधानसभा क्षेत्र 57-हटा की नंबर आकृती बनाकर मतदान के प्रति किया जागरूकता



**दमोह, देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत जिले में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मानव श्रृंखला, खेलकूद प्रतियोगिता, रंगोली पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय हाई स्कूल राजाबंदी पटेरा में स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर मुकेश गूजरे प्राचार्य राजाबंदी एवं शिक्षकों के साथ बच्चों ने विधानसभा क्षेत्र 57-हटा की नंबर आकृती बनाकर मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

## जागरूकता रैली निकालकर दिया मतदान का संदेश

**पन्ना, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव के लिए स्वीप गतिविधियों के जरिए लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता के लिए लोगों को जागरूक और प्रेरित किया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल मडला के छात्र-छात्राओं ने मतदात जागरूकता रैली निकालकर जागरूकता का संदेश दिया। स्कूल के शिक्षक और विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत मतदान का संकल्प भी लिया। इसी तरह आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने आकर्षक रंगोली बनाई और मतदान में सहभागी बनने का संकल्प लिया। स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा भी रूचिकर गतिविधियों के जरिए लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता पर केन्द्रित वॉल पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता की गतिविधियां कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान का महत्व भी बताया जा रहा है। साथ ही युवा, महिला और बुजुर्ग मतदाताओं से अन्य पर्व की भांति लोकतंत्र के महापर्व में भी अनिवार्य रूप से भागीदार बनने का आग्रह किया जा रहा है।

# धूमधाम से निकली महामति श्री प्राणनाथ जी की भव्य शोभा यात्रा



**पन्ना, देशबन्धु।** प्रणामी धर्म के प्रणेता महामति प्राणनाथ जी का प्रगटन महोत्सव की पूर्व संध्या पर श्री प्राणनाथ जी की भव्य शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्ग में धूमधाम व श्रद्धा भक्ति के साथ निकली। प्रगटन उत्सव की पूर्व संध्या 12 अक्टूबर को मंदिर के मुख्य द्वार कमानी दरवाजे से शाम 6 बजे शोभा यात्रा निकली, जो श्री प्राणनाथ चौराहे होते हुए अजयगढ़ चौराहा, बड़ा बाजार, बलदाऊ जी मंदिर छत्रसाल पार्क से होते हुए गांधी चौक से वापस मंदिर के मुख्य द्वार रात्रि 10 बजे पहुंची। महिलाओं ने किया गरबा नृत्य शोभा यात्रा में शामिल महिलाओं द्वारा गरबा नृत्य करती रही जो आकर्षण का केंद्र रहा। सबसे बड़ी बातें रही थी शोभा यात्रा में स्थानीय श्रद्धालुओं के अलावा नेपाल व सिक्किम से आए सुंदरसाथ शामिल रहे। शोभा यात्रा में चाबी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवक, बच्चे सभी शामिल रहे।

### कमिश्नर और आईजी ने की चुनाव तैयारियों की समीक्षा

# सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश



**पन्ना, देशबन्धु।** संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत और पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन प्रमोद वर्मा ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय सागर स्थित एनआईसी कक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग द्वारा संभाग के जिलों में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उक्त बैठक शनिवार 14 अक्टूबर को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा ओरछा जिला निवाड़ी में संभाग के जिलों विशेषकर अंतर्राज्यीय बार्डर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की जाने वाली समीक्षा के सिलसिले में आयोजित की गई थी।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर और आईजी ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों से चुनाव घोषित होने के बाद अब तक की गई तैयारियों की जानकारी ली। आदर्श आचरण संहिता के पालन के लिए क्या-क्या कदम उठाए गये, इसकी भी विस्तृत जानकारी ली गई। साथ ही सुरक्षा इंतजामों को लेकर की गई व्यवस्था, पुलिस बल और डिप्लॉय किये जाने वाली सुरक्षा बल कंपनी सीएपीएफ की भी जानकारी प्राप्त की गई। वल्नरेबल मैपिंग के तहत चिन्हित क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों को लेकर की गई कार्रवाई के संबंध में भी चर्चा की गई।

अंतर्राज्यीय एवं अंतर जिला के मध्य स्थापित नाकों के संबंध में भी जानकारी लेकर सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता बनाने के निर्देश दिये गये। एफएसटी, एसएसटी, स्थानीय पुलिस बल, होमगार्ड की तैनाती को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। एफएसटी और पुलिस बल द्वारा अब तक जब्त हुई देशी-अंग्रेजी शराब और धनराशि की भी जानकारी ली गई। सी.विजिल एप से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की जानकारी भी प्राप्त की गई।

कमिश्नर डॉ. रावत ने जिला कलेक्टरों को अपने-अपने क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता का सख्ती से पालन करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिलों में निष्पक्षए शांतिपूर्वक और शुद्ध निर्वाचन करवाने में जिला और पुलिस प्रशासन की अहम भूमिका है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए आगामी विधानसभा चुनाव को संपन्न करवाएं। आईजी प्रमोद वर्मा ने भी पुलिस अधीक्षकों को जिलों में सुरक्षा के बेहतर इंतजाम करवाने को कहा है। आदर्श आचरण संहिता का पालन करवाने में विशेष ध्यान दिया जाए। वारंट की तामीली तथा लायसेंसी शस्त्रों को जमा कराने की कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी लेकर कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर हरजिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा भी उपस्थित थे।

# यूपी एमपी बॉर्डर पर चैकिंग के दौरान पुलिस ने 4.67 क्विंटल चांदी पकड़ी






**मालथौन, देशबन्धु।** यूपी एमपी बॉर्डर पर मालथौन पुलिस ने चार क्विंटल 67 किलो के लगभग चांदी एक कार से पकड़ी हैं ढाई करोड़ के लगभग की। चांदी व्यापारी आगरा से आंध्रप्रदेश तेलांगना सप्लाई के लिए ले रहा था चेकिंग के दौरान बॉर्डर के अटा से पकड़ाई गई हैं। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के कारण नेशनल हाइवे 44 यूपी एमपी बॉर्डर पर चेकिंग लगाई गई हैं। बुधवार रात पुलिस चेकिंग के दौरान थाना पुलिस ने इको स्पोर्ट कार से साढ़े चार क्विटल से ज्यादा मात्रा में चांदी के पायल एबैसलेट और चैन बारमद की हैं मौके पर पुलिस ने चांदी सप्लायर को भी पकड़ा है। जिसने मौके पर जरूरी कागजात दिखाते हुए बताया कि आगरा से आंध्रप्रदेश तेलंगना में चांदी का आभूषण सप्लाई के लिए ले जा रहा हूं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सागर द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान बार्डर नाकों पर चैकिंग हेतु निर्देश दिये गये थे जो निर्देशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक बीना, एसडीओपी खुरई के निर्देशन में अटा बार्डर चैक पोस्ट नाका पर सघनता से चैकिंग के दौरान 11 अक्टूबर 2023 को कार क्रमांक यूपी 80 एफवाय 2042 इको स्पोर्टस कार को रोककर पुलिस द्वारा तलाशी ली। उक्त कार में दो व्यक्ति उमेश गोयल पिता स्व. ओमप्रकाश गोयल उम्र 45 साल निवासी 6ध/11 बारह भाई गली बेलनगंज जिला आगरा उप्र, अमित अग्रवाल पिता निर्मल अग्रवाल उम्र 34 साल निवासी गिरधर कॉलोनी बल्केश्वर थाना न्यू आगरा जिला आगरा उप्र, बैठे हुये मिले एवं कार के अंदर से चांदी के पायल, ब्रेसलेट, चेन के आभूषण आदि मिलने पर कांटा से तौल कराने पर चांदी के आभूषण पायल, ब्रासलेट, चेन का कुल वजन 467.666 किलोग्राम जिसका वर्तमान बाजार मूल्य करीब 3 करोड, 22 लाख, 22 हजार, 187 रूपये का पाया गया है। जो उक्त चांदी एवं इको स्पोर्टस कार क्रमांक यूपी 80 एफवाय 2042 उमेश गोयल पिता स्व. ओमप्रकाश गोयल उम्र 45 साल निवासी 6/11 बारह भाई गली बेलनगंज जिला आगरा उप्र से मालथौन पुलिस द्वारा जप्ती की कार्यवाही की गई है। उक्त आभूषणो को दोनो व्यक्ति उमेश गोयलए अमित अग्रवाल आगरा उप्र से हैदराबाद तेलंगाना एवं विजयबाडा आन्ध्रप्रदेश ले जा रहे थे। उक्त चांदी एवं कार की जप्ती कार्यवाही में निरीक्षक योगेन्द्र सिंह दांगी, उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सउनि सरबर खांन, प्र.आर. राजेश सिंह ठाकुर, प्र.आर. प्रेमनारायण, प्र.आर. देवनारायण, आरक्षक सचिन यादव, जयसिंह, रोहित, राजेश, विक्रम, जितेन्द्र का सराहनीय योगदान रहा। वही पुलिस कहना है सत्यापित हेतु आयकर अन्वेषण एवं जीएसटी अधिकारी को बुलाया गया है वह उसकी आगे की जांच करेंगे। आगरा निवासी व्यापारी उमेश गोयल ने बताया कि आगरा का निवासी हूं, इंटर प्राईजेज के नाम से फर्म है सिल्वर मैन्युफैक्चरिंग का काम हैं आगरा से आंध्र प्रदेश तेलंगाना माल सप्लाई के लिए जा रहा था बॉर्डर पर पुलिस द्वारा चैंकिग की गई जिसके हमने माल के पक्के बिल प्रस्तुत किए। पायल एबैसलेट और चैन हैं 4 क्विंटल68 किलो, जिसकी कीमत लगभग ढाई करोड है।

### कही चुनाव में बटने में तो नहीं जा रही थी

प्रदेश समेत पांच राज्यो में विधानसभा चुनाव होने जा रहे है प्रदेश में आचार सहिंता लागू है, ऐसा तो नहीं चुनाव में कही वितरण होने जा रही है। कार से साढ़े चार क्विंटल से ज्यादा की मात्रा में चांदी की पायले बारमद हुई जो कहीं मतदातओं को प्रभावित करने के लिए मंगाई गई हो। चुनाव जीतने के लिए उम्मीदवार लोग हथकंडे अपनाते हैं। कुछ महीनों पहले भी एक चांदी कांड सामने आया था जो प्रदेश की सुर्खियां में बना था।

# अंतरराज्यी अपराधी को शाहगढ़ पुलिस ने पकड़कर भेजा जेल

## यूपी सहित छतरपुर, सागर जिले के विभिन्न थानों में 15 से अधिक दर्ज निकले मामले



**शाहगढ़, देशबन्धु।** बंडा विधानसभा में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करने के लिए पुलिस की ओर से अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। एसपी अभिषेक तिवारी, एसडीओपी बंडा के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत शाहगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार और कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। शाहगढ़ थाना प्रभारी अर्चना सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक बठवाहा गांव के आस पास अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। मुखबिर से मिली सूचना के बाद शाहगढ़ थाना और बराज चौकी पुलिस टीम के साथ मौके पर रवाना किया गया, जहां पुलिस की टीम को देखकर आरोपी भागने लगा। पीछा करने के बाद पुलिस की टीम ने मौके से भाग रहे आरोपी को दबोच लिया। जिसके पास से पुलिस ने 315 बोर का देसी कट्टा और एक कारतूस बरामद कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना धर्मेंद्र सिंह पिता प्रतिपाल सिंह 30 निवासी मझपुरा, नरवा थाना शाहगढ़ बताया। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। पकड़े गए आरोपी का रिकार्ड देखा गया तो पता चला कि यह तो अंतर्राजीय अपराधी है, इसके ऊपर करीब 15 से अधिक अपराध पहले से ही दर्ज है, शाहगढ़ थाने में 11, बरायथा थाने में 1, छतरपुर के थाना बमनौरा में 1, भगवा थाने में 2 और युपी ललितपुर के थाना सौजना में 1 ऐसे कुल 15 से अधिक अपराध पहले से ही दर्ज है। गुरूवार को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया। आरोपी को पकड़ने और घेराबंदी करने की कार्यवाही में टीआई अर्चना सिंह, बराज चौकी प्रभारी सत्येंद्र सिंह गुर्जर, आरक्षक सचिन, नंदलाल, सुदामा, सुरेंद्र सिंह, संदीप, आदित्य का विशेष योगदान रहा।

## 11 वर्ष व 10 वर्षो से लंबित स्थायी वारंटियों की गई एक दिन में 09 स्थायी वारंट तामील



**सागर, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव को नजर रखते हुये पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के द्वारा चलाये जा रहे आरोपी व स्थायी वारंटी धडपकड़ अभियान में जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जिसके तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश सिंह सिन्हा व एसडीओपी राहतगढ़ योगेन्द्र सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अजय प्रताप सिंह भदौरिया के नेतृत्व में विभिन्न टीम गठित कर स्थायी वारंटियो की तलाश पतारसी रवाना किया गया था जो कि उनि भूपेन्द्र विश्वकर्मा टीम द्वारा 01 स्थायी वारंट, उनि रामअवतार धाकड टीम द्वारा 07 स्थायी वारंट, सउनि संतोष मरावी टीम द्वारा 01 स्थायी वारंट तामील किया। पकडे गये स्थायी वारंटियो में महेन्द्र पिता शिव प्रसाद अहिरवार निवासी किल्लाई थाना राहतगढ़। हरीसिंह राजपूत पिता खिलान सिंह राजपूत निवासी गंभीरिया हाट थाना राहतगढ़। शिवम आठया पिता मोहनलाल आठया निवासी राहतगढ। उक्त वारंटी लंबे समय से विभिन्न प्रकरणो में फरार चल रहे थे। सराहनीय कार्य निरी. अजय प्रताप सिंह भदौरिया, थाना प्रभारी राहतगढ़, उनि भूपेन्द्र विश्वकर्मा, उनि रामअवतार धाकड, चौकी प्रभारी सीहोरा, सउनि संतोष मरावी, प्रआर रामहरि, आर हिमान सिंह, आर नरेन्द्र अहिरवार, आर दीपांशु पाठक एवं समस्त थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### रेलिंग से टकराकर बाइक, तीन गंभीर रूप से हुए घायल



**बीना, देशबन्धु।** खिमलासा थाना क्षेत्र के निवारी गांव के पास बीती रात सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकराकर बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एम्बुलेंस से सिविल अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही एक युवक ने दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार खिमलासा–कंजिया मार्ग पर स्थित निवारी गांव के पास बीती रात बाइक अनियंत्रित होने से बाइक सवार सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकरा गए। घटना की जानकारी मिलते ही खिमलासा थाने से उपनिरीक्षक मुलायम सिंह, सहायक उपनिरीक्षक आसिफ अली और नगर सैनिक देवेंद्र मौके पर पहुंचे और सड़क पर गंभीर हालत में पड़े घायलों को खुरई सिविल अस्पताल भेजा गया। घायलों में एक का पैर पूरी तरीके से शरीर से अलग हो गया था। 108 एम्बुलेंस से खुरई सिविल अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही आला पिता रनधीर आदिवासी 35 की मौत हो गई। जबकि परम पिता मोहन आदिवासी 32 धनीराम पिता पूरन आदिवासी 34 तीनों निवासी बेधई थाना भानगढ़ को गंभीर हालत में खुरई सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया गया है। घायलों ने बताया कि वह खाद लेने के लिए अपने गांव से खिमलासा आए हुए थे। बीती रात खिमलासा से लौटकर अपने गांव जा रहे थे कि बाइक अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकरा गई।

### नैतिकता पर टिका है शोध एवं अनुसंधानः संजीत गुप्ता

**सागर, देशबन्धु।** मानव संसाधन विकास केंद्र द्वारा प्रायोजित डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पब्लिकेशन एंड रिसर्च एथिक्स विषय पर ऑनलाइन दो सप्ताह का रिफ्रेशर कोर्स का शुभारम्भ हुआ। यह कार्यक्रम डॉ. वसीम अनवर के एक प्रस्ताव पर स्वीकृत किया गया था। इस कार्यक्रम में देश भर से प्रतिभागी भाग ले रहे हैं जो शोध और नैतिकता विषय पर अपने ज्ञान को समृद्ध करेंगे। इस कार्यक्रम के कोर्स समन्वयक डॉ. वसीम अनवर, सहायक प्रोफेसर, उर्दू एवं पर्सियन विभाग से व डॉ. गौतम प्रसाद, सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग से हैं। उदघाटन सत्र की अध्यक्षता प्रभारी कुलपति प्रो. वाई एस ठाकुर ने की। जिसमें उन्होंने कहा की शोध का उद्देश्य एवं अनुसंधान नैतिकता के आधार पर टिका है इससे राष्ट्र के विकास में हम योगदान करते हैं। अनुसंधान व नैतिकता विकास का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। ये राष्ट्र के विकास में योगदान करते हैं। मुख्य अतिथि जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया, उप्र के कुलपति प्रो. संजीत गुप्ता ने शोध नैतिकता विषय पर अपनी बात रखी, उन्होंने कहा जीवन में सही मानक से सफल हम हो सकें, इस पर जोर दिया जाना चाहिए। शोध में नैतिकता के स्तर ऊपर उठाने के लिए फैकल्टी और शोधार्थी को काम करना चाहिए है। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के डॉ. गौतम प्रसाद एवं डॉ. वसीम अनवर ने स्वागत वक्तव्य दिया। डॉ. आरटी बेद्रे, निदेशक यूजीसी एचआरडीसी ने अपने विचार रखें व समस्त प्रतिभागियों को कोर्स से संबंधित जानकारी साझा करते हुए अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार ज्ञापित किया।

## बीएमसी में शुरू हुई आकस्मिक चिकित्सा विभाग की ओटी



**सागर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड मेडिकल कालेज के आकस्मिक चिकित्सा विभाग एमरजेंसी मेडिसिन डिपाटमेंट की इमरजेंसी ओटी का शुभारंभ डीन डॉ. आरएस वर्मा एवं असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट डॉ. एसपी सिंह के द्वारा किया गया। गुरुवार को शुरू की गई इस ओटी में आकस्मिक चिकित्सा विभाग में पदस्थ डॉक्टरों ने 45 वर्षीय रोड एक्सीडेंट में घायल व्यक्ति की प्राथमिक उपचार देकर एवं शल्यक्रिया कर जान बचाई। बीएमसी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सौरभ जैन ने जानकारी दी कि युवक का एक्सीडेंट बाइक टकराने की वजह से हुआ था। जिससे उसे गंभीर चोटें आई थीं। इन चोंटों में मुख्यतः छाती में चोट तथा एक तरफ का फेफड़ा गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके कारण मरीज को आकस्मिक शल्यक्रिया की आवश्यकता थी। मरीज को तत्काल इमरजेंसी ओटी में लिया गया और डॉक्टरों द्वारा आवश्यक इलाज किया गया, जिसके बाद मरीज की स्थिति में तत्काल प्रभाव से सुधार होने लगा। आकस्मिक चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों ने बताया कि अब मरीज की स्थिति स्थिर है तथा खतरे से बाहर है। चिकित्सकों के इस दल में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ. सत्येंद्र उईके, डॉ. विशाल गजभिए, डॉ. सौरभ जैन एवं डॉ. नीतेश अयालानी एवं ओटी इंचार्ज विनोद शर्मा का सहयोग रहा।

### मतदान दिवस हमारे लिए गर्व का दिवस होना चाहिएः सीईओ

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देशन में शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया में मतदाता जागरूकता अभियान में स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदान दिवस, गर्व दिवस की थीम पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के सीईओ पीसी शर्मा ने कहा कि मतदान दिवस पर अवकाश रहता है। इस अवकाश दिवस का उपयोग हमें न केवल अपने परिवार के मतदान कराने पर करना चाहिए वरन समाज में भी यथा संभव प्रयास करना चाहिए कि सभी लोक मतदान करें। मतदान दिवस हमारे लिए गर्व का दिवस होना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएस रोहित ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से मतदाताओं में जागरुकता आती है। ये कार्यक्रम भले ही प्रतीकात्मक हो लेकिन इनका प्रभाव सभी मतदाताओं पर पड़ता है। जिला स्वीप कोर्डिनेटर डॉ. अमर कुमार जैन ने कहा कि वर्ष 2011 के पश्चात स्वीप गतिविधियों के कारण ही मतदान प्रतिशत में आशातीत वृद्धि हो रही है। कार्यक्रम में डॉ. दिव्या गुरु ने संचालन एवं आभार किया।

## उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल का किया निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी ने इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचकर मतदान सामग्री वितरण, मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान से संबंधित अन्य अधिकारी मौजूद थे। भव्या त्रिपाठी ने निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे। उन्होंने कहा कि ईवीएम मशीन की कमिशनि के पूर्व आवश्यक व्यस्थाएं करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण स्ट्रांग रूम स्थल पर बैरिकेडिंग लगे एवं सीसीटीवी कैमरे लगाएं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देशानुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये, जिसमें सर्वप्रथम बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे पेयजल शौचालय की व्यवस्था प्रकाश व्यवस्था प्रमुख रूप से हो। उन्होंने कहा कि मुख्य द्वार पर चेक पोस्ट बनाएं और इंजीनियरिंग कॉलेज आने जाने जाने वालों की मॉनिटरिंग की जावे।

### निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं पारदर्शी चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंः कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने विधानसभा निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से चुनाव संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री आर्य ने कहा कि जिसे जो दायित्व सौंपा गया हैं, वे उसका पूरी गंभीरता से समय सीमा में पालन करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री आर्य ने कर्मचारी अधिकारियों का प्रबंधन, प्रशिक्षण, निर्वाचन सामग्री, परिवहन प्रबंधन, कम्प्यूटरीकरण, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधन, ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट के संबंध में विस्तार से निर्देश दिए। साथ ही चुनाव के दौरान सुरक्षा, आदर्श आचरण संहिता, निर्वाचन व्यय लेखा मॉनिटरिंग, डाक मतपत्र, संचार प्रबंधन के संबंध में चुनाव आयोग के नियमों तथा निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर श्री आर्य ने निर्वाचक नामावली प्रबंधन, शिकायत एवं समाधान, प्रेक्षक के साथ समन्वय, वेबकॉस्टिंग, यातायात व्यवस्था, वीडियोग्राफी, लेखा एवं मतदान दलों का मानदेय वितरण तथा भोजन व्यवस्था आदि के संबंध में नियुक्त नोडल अधिकारियों को उनके कर्तव्यों के प्रति सचेत किया एवं सावधानी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

## अवैध संचालन, ओव्हरलोड एवं नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर की कार्यवाही



**सागर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सुनील कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रवर्तन अमले के साथ निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार जिन वाहनों में विभिन्न दलों के पदाधिकारियों द्वारा अनाधिकृत रूप से हूटर, सायरन, सर्च लाईट एवं नेम प्लेट का उपयोग किया जा रहा है, उनके विरूद्ध कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गये है। इस संबंध में 12 अक्टूबर को बम्होरी तिराहा एवं शहरी क्षेत्र में लगभग 78 वाहनों को चैक किया गया, जिनमें से 30 वाहनों में विभिन्न दलों के पदाधिकारियों द्वारा अनाधिकृत रूप से हूटर, सायरन, सर्च लाईट, ओव्हरलोड एवं नेम प्लेट का उपयोग करते पाये गयेए जिन्हें मौके पर निकलवाये गये। साथ ही उक्त 30 वाहनों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत् चालानी कार्यवाही कर 26800 रुपए जुर्माना वसूल कर छोड़ा गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने समस्त वाहनस्वामियों को हिदायत दी है कि वे अपने वाहनों के संचालन के दौरान वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेजों यथा बीमा, फिटनेस, परमिट, पंजीयन कार्ड, वाहन चालक का हैवी ड्रायविंग लायसेंस, टैक्स प्रमाण पत्र, प्रदूषण प्रमाण पत्र आदि अनिवार्य रूप से साथ में रखे।

### ओव्हरलोड यात्री बस की छत पर स्कूल के बच्चों को बैठाये जाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस

**सागर, देशबन्धु।** जिला प्रशासन ने मे. ओरछा ट्रांसपोर्ट कंपनी के स्वामित्व की यात्री वाहन बस क्रमांक एमपी 36 पी 3399 बैठक क्षमता 37.1 मार्ग शाहगढ़ मार्ग पर स्कूल के बच्चे छत पर बैठे नजर आने की स्थिति तथा संभावित जनहानि को देखते हुए संबंधित कंपनी को नोटिस जारी किया है। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकारी ने इस संबंध में निर्देशित किया है कि मे. ओरछा ट्रांसपोर्ट कंपनी कारण स्पष्ट करे कि क्यों न उक्त वाहन से संबंधित स्थायी परमिट टीकमगढ़ से सागर वैधता 15 मार्च 2026 को निरस्त कर दिया जावे। स्पष्टीकरण तीन दिवस की अवधि में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है। निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करने की दशा में उक्त स्थायी परमिट के निरस्तीकरण की कार्यवाही की जावेगी।

# निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और शुद्धनिर्वाचन में जिला प्रशासन और पुलिस की अहम भूमिका : संभागायुक्त

## कमिश्नर और आईजी ने संभाग के जिलों में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की




**सागर, देशबन्धु।** संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत और आईजी सागर जोन प्रमोद वर्मा ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग द्वारा संभागान्तर्गत जिलों में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उक्त बैठक शनिवार 14 अक्टूबर को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन द्वारा ओरछा में संभाग के जिलों विशेषकर अंतर्राज्यीय बार्डर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की जाने वाली समीक्षा के सिलसिले आयोजित की गई थी।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर और आईजी ने जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों से चुनाव घोषित होने के बाद अब तक की गई तैयारियों की जानकारी ली। आदर्श आचरण संहिता के पालन के लिए क्या–क्या कदम उठाए गये, इसकी भी विस्तृत जानकारी ली गई। जिलों में सुरक्षा इंतजामों को लेकर की गई व्यवस्था, पुलिस बल और डिप्लॉय किये जाने वाली सुरक्षा बल कंपनी सीएपीएफ की भी जानकारी प्राप्त की गई। वलनरेबल मेपिंग के तहत चिन्हित क्षेत्रोंध्मतदान केन्द्रों को लेकर की गई कार्रवाई के संबंध में भी कलेक्टर–एसपी से चर्चा की गई। मतदान में प्रयुक्त होने वाले निर्वाचन अमले के बारे में कलेक्टरों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। अंतर्राज्यीय एवं अंतर जिला के मध्य स्थापित नाकों के संबंध में भी जानकारी लेकर सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता बनाने के निर्देश दिये गये। जिलों में एफएसटी, एसएसटी, स्थानीय पुलिस बल, होम गार्ड की तैनाती को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। एफएसटी और पुलिस बल द्वारा अब तक जब्त हुई देशी–अंग्रेजी शराब और धनराशि की भी जानकारी ली गई। सी.विजिल एप से प्राप्त शिकायतों और नकद उनके निराकरण की जानकारी भी प्राप्त की गई। कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने जिला कलेक्टरों को अपने–अपने क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता का सख्ती से पालन करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिलों में निष्पक्ष, शांतिपूर्वक और शुद्ध निर्वाचन करवाने में जिला और पुलिस प्रशासन की अहम भूमिका है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए आगामी विधानसभा चुनाव को संपन्न करवाएं। आईजी प्रमोद वर्मा ने भी पुलिस अधीक्षकों को जिलों में सुरक्षा के बेहतर इंतजाम करवाने को कहा है। आदर्श आचरण संहिता का पालन करवाने में विशेष ध्यान दिया जाए। वारंट की तामीली तथा लायसेंसी शस्त्रों को जमा कराने की कार्यवाही के संबंध में भी जिलों से जानकारी लेकर कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर डीआईजी सुनील कुमार जैन, कलेक्टर सागर दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, दमोह कलेक्टर मयंक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी, टीकमगढ़ कलेक्टर अवधेश शर्मा, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, निवाड़ी कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, छतरपुर कलेक्टर संदीप जीआर, पुलिस अधीक्षक अमित सांघी भी उपस्थित थे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादकः **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582–228742 ई–मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन–** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।